




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



**सुनालिया ज्वेलर्स**

हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता

मो. 94255-32524,94241-43922

पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 35 अंक 301 | कोरबा, बुधवार , दिनांक 31 जुलाई 2024 डाक 01 अगस्त 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**

झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन का रांची स्थित राजभवन में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ने स्वागत किया




**देश-विदेश**

लोकसभा में राहुल गांधी ने लिया डोभाल का नाम, भाजपा महासचिव तावड़े बोले- उनका नाम राजनीतिक चर्चा में घसीटना दुर्भाग्यपूर्ण



**फीचर पेज**

खाने की शौकीन हैं वैशाली अरोड़ा, एक्ट्रेस ने उड़ने की आशा के सेट की बताई मजेदार बातें




# फर्जी आयुष्मान कार्ड मामले में ईडी का एक्शन, दिल्ली से हिमाचल तक छापेमारी



- ☛ कांग्रेस विधायक के घर भी तलाशी
- ☛ हिमाचल प्रदेश का अस्पताल ईडी के राडार पर
- ☛ रिकॉर्ड को अपने कब्जे में ले लिया

**शिमला, 31 जुलाई [एजेंसी]।**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फर्जी आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आईडी कार्ड बनाने के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने 19 ठिकाने पर छापेमारी की है। योजना के उल्लंघन के मामले में ईडी ने दिल्ली, चंडीगढ़, पंजाब, हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा, ऊना, शिमला, मंडी, कुल्लू में 19 ठिकानों पर तलाशी ले रही है। बांके बिहारी अस्पताल, फोर्टिस अस्पताल सहित कई अस्पतालों में ऐसे फर्जी कार्डों पर कई मेडिकल बिल बनाए गए हैं, जिससे सरकारी खजाने और लोगों को नुकसान हुआ है। हिमाचल प्रदेश के दो कांग्रेस नेताओं का नाम सामने आया है।हिमाचल प्रदेश के नगरोटा से कांग्रेस विधायक व हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष और हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष आरएस बाली का नाम सामने आया है। इसके साथ ही श्री बालाजी अस्पताल कांगड़ा और कांग्रेस नेता डॉ. राजेश शर्मा का नाम भी धोखाधड़ी में सामने आया है। उनके परिसरों की भी तलाशी ली जा रही है। कांग्रेस विधायक आर एस बाली से जुड़े परिसरों और निजी अस्पतालों पर छापे मारे हैं। कांग्रेस नेता डॉ. राजेश शर्मा को हाल ही में देहरा से टिकट नहीं दिया गया था।कांगड़ा शहर के तीन निजी अस्पतालों में बुधवार सुबह ईडी ने दबिश दी। इस दौरान अस्पतालों का रिकॉर्ड खंगाला गया। ईडी की दबिश से हडकंप मच गया है। बताया जा रहा है कि कई नेता ईडी की राडार पर हैं, जिसके चलते ईडी हिमाचल में लगातार छापामारी कर रही है। जानकारी के अनुसार, कांगड़ा के तीन बड़े निजी अस्पतालों में फार्टिस अस्पताल, श्री बालाजी अस्पताल व सिटी अस्पताल मटौर में दबिश दी गई है। इनमें से फार्टिस अस्पताल के मालिक आरएस बाली व श्री बालाजी अस्पताल के मालिक डॉ. राजेश शर्मा के घर में भी ईडी द्वारा जांच की जा रही है। आरएस बाली पर्यटन निगम के अध्यक्ष हैं और उनके पास सरकार में केबिनेट रैंक भी है। जबकि डॉ. राजेश शर्मा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष भी हैं। जानकारी के मुताबिक बुधवार सुबह ही पंजाब नंबर की इनोवा गाडियों में सवार होकर ईडी के अधिकारी व सीआरपीएफ के जवान कांगड़ा पहुंचे और उनकी विभिन्न टीमों ने एक साथ तीनों अस्पतालों में अपनी जांच शुरू की है। जानकारी के अनुसार आयुष्मान से संबंधित जांच को लेकर यह करवाई की गई है।

## दिल्ली-देहरादून हाईवे पर कांवड़ियों संग हादसा, कैंटर के अचानक ब्रेक लगने पर एक की मौत,11 घायल




खतौली/मुजफ्फरनगर। दिल्ली-देहरादून हाईवे पर मिनी कैंटर के अचानक ब्रेक लगने से बड़ा हादसा हो गया। कैंटर में बंधा डीजे और जेनरेटर कांवड़ियों के ऊपर गिर गया। जिसमें एक डाक कांवड़ियां की मौत हो गई, जबकि 11 कांवड़ियां घायल हो गए।

# छरमेन डेका ने ली छत्तीसगढ़ के 10वें राज्यपाल के पद की शपथ

### मुख्य न्यायाधीश ने दिलाई शपथ,राज्यपाल रमेन डेका ने मां काली से लिया आशीर्वाद



**रायपुर, 31 जुलाई [एजेंसी]।**

रमेन डेका ने छत्तीसगढ़ के दसवें राज्यपाल के रूप में शपथ ले ली है। उन्होंने विश्वभूषण हरिचंदन का स्थान लिया है। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने बुधवार को सुबह सवा दस बजे राजभवन के दरबार हाल में रमेन डेका को राज्यपाल के पद की शपथ दिलाई।

शपथ ग्रहण से पहले छत्तीसगढ़ के मनोनीत राज्यपाल रमेन डेका ने आज रायपुर के आकाशवाणी चौक स्थित मां काली मंदिर पहुंचकर माता के दर्शन किए और पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। मनोनीत राज्यपाल ने प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इससे पहले छत्तीसगढ़ के नवनियुक्त राज्यपाल रमेन डेका पत्नी रानी डेका काकोटी के साथ मंगलवार को रायपुर पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्टेट हेंगर में उनका आत्मीय स्वागत किया। राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। राजधानी पहुंचने पर नए राज्यपाल का स्वागत प्रदेश के पारंपरिक नृत्यों सुआ, कर्मा, डंडा और राउत नाचा से किया गया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने भी पुष्पगुच्छ भेंटकर राज्यपाल का अभिवादन किया। इस दौरान मंत्रिमंडल के सदस्य उप मुख्यमंत्री अरुण साव भी उपस्थित थे। वहीं, दूसरी ओर प्रदेश के निवर्तमान राज्यपाल बिश्वभूषण हरिचंदन को विदाई दी गई। वह शाम को ओडिशा के लिए रवाना हो गए।



# नोएडा में झुग्गी में लगी भीषण आग, तीन बच्चियों की मौत, जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे पिता



**नोएडा, 31 जुलाई [एजेंसी]।**

सेक्टर-8 स्थित बिजली घर के पास बुधवार सुबह एक झुग्गी में आग लग गई। हादसे में एक परिवार की तीन बच्ची समेत पांच लोग झुलस गए। जिन्हें गंभीर हालत में इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, इलाज के दौरान गंभीर रूप से झुलसी तीनों बच्चियों की मौत हो गई। बच्चियों के पिता को गंभीर हालत में इलाज के लिए दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में रेफर किया गया है। जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। वहीं, जिला अस्पताल में भर्ती बच्चियों की मां की हालत स्थिर है। (जेजे) कॉलोनी में ई-रिक्शा की बैटरी चार्जिंग करने के दौरान बैटरी फटने से बिजली घर के पास एक झुग्गी में आग लगी। फेज-1 कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। डीसीपी नोएडा राम बदन सिंह का कहना है कि फेज-1 कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत सेक्टर-8 स्थित झुग्गी-झोपड़ी कॉलोनी में बिजली घर के पास एक मकान में बुधवार सुबह चार बजे आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना पर तुरंत फेज-1 फायर सर्विस स्टेशन की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और आग को बुझाया। जांच पर पता चला है कि एक परिवार के पांच लोग घर में सोए हुए थे।

जिसमें तीन बच्चियां और पति पत्नी थी। इस हादसे में दौलत राम (32), उनकी पत्नी नीनू (30) व उनकी पुत्रियां आस्था (10), नैना (7) व आराध्या (5) आग में झुलस गए हैं। सभी को पहले जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों द्वारा आराध्या, नैना व आस्था को मृत घोषित कर दिया। दौलतराम को हायर सेंटर सफदरगंज दिल्ली रेफर कर दिया गया है। वहीं नीनू की हालत स्थिर है। पुलिस जांच में पता चला है कि मैनपुरी का दौलतराम ई-रिक्शा चालक है। वह किराये के मकान में झुग्गी-झोपड़ी में एक कमरे में परिवार के साथ रहता है।

# डाक कांवड़ ले जा रहे तीन कांवड़ियों को ट्रक ने कुचला, एक की मौत, दो घायल

**गुरूग्राम, 31 जुलाई [एजेंसी]।**



हरिद्वार से डाक कांवड़ लेकर राजस्थान के बालेश्वर धाम जा रहे तीन कांवड़ियों को खेड़कीदौला थाना क्षेत्र के रामपुरा फ्लाइओवर के पास पीछे से आ रहे ट्रक चालक ने कुचल दिया। इस हादसे में एक कांवड़िये की मौत हो गई, जब दो गंभीर रूप से घायल हैं। हादसे के बाद चालक ट्रक को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। वहीं कांवड़ियों ने हाईवे पर जाम लगा दिया। खेड़कीदौला थाना पुलिस व अन्य अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। राजस्थान का कांवड़ियों का एक जत्था डांक कांवड़ लेकर हरिद्वार से वापस जा रहा था। बुधवार सुबह चार बजे खेड़कीदौला थाना क्षेत्र के रामपुरा फ्लाइओवर के पास जब जत्थे के लोग पहुंचे, इसी दौरान पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने कांवड़ियों की बाइक में टक्कर मार दी। इस पर कांवड़िये अभिषेक मीना, हेमंत मीना और योगेश सवार थे। गंभीर रूप से घायल तीनों को अस्पताल ले जाया गया। यहां डाक्टरों ने हेमंत को मृत घोषित कर दिया।

वहीं दो अन्य घायलों का इलाज चल रहा है। कांवड़ियों के मुताबिक ट्रक मिट्टी से भरा था और ओवरलोड था। उन्होंने चालक के नशे में होने का भी आरोप लगाया। घटना के बाद कांवड़ियों ने हाईवे पर जाम लगा दिया। थाना पुलिस ने समझाकर लोगों को हाईवे से हटाया और मामले की जांच शुरू कर दी।

# कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने लोकसभा में दिया स्थगन प्रस्ताव नोटिस



**नईदिल्ली, 31 जुलाई [एजेंसी]।**

कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने मंगलवार को लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिया। इसमें उन्होंने सीमा की स्थिति और चीन के साथ भारी व्यापार घाटे पर चर्चा की मांग की हैं। नोटिस में मनीष तिवारी ने कहा, मैं सदन की कार्यवाही स्थगित करने के लिए एक प्रस्ताव लाने की अनुमति मांगना चाहता हूं, जिसका उद्देश्य एक निश्चित मामले पर चर्चा करना है। यह सदन सीमा की स्थिति और चीन के साथ भारी व्यापार घाटे पर चर्चा करने के लिए शून्यकाल और प्रश्नकाल और दिन के अन्य कार्यों से संबंधित प्रासंगिक नियमों को निलंबित कर दे।

# दिल्ली सरकार कोचिंग सेंटरों को नियंत्रण करने के लिए लाएगी कानून, आतिशी ने किया ऐलान

**नईदिल्ली, 31 जुलाई [एजेंसी]।**



कैबिनेट मंत्री आतिशी ने बुधवार को कहा प्रेसवार्ता कर कहा कि दिल्ली सरकार शहर में कोचिंग सेंटरों को विनियमित करने के लिए एक कानून लाएगी।ओल्ड राजेंद्र नगर में एक संस्थान के बाढ़ ग्रस्त बेसमेंट में तीन आईएएस उम्मीदवारों के डूबने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि सरकार कानून बनाने के लिए सरकारी अधिकारियों और विभिन्न कोचिंग हब के छात्रों की एक समिति का गठन करेगी। उन्होंने कहा, कानून में बुनियादी ढांचे, शिक्षकों की योग्यता, शुल्क विनियमन और भ्रामक विज्ञापनों को रोकने के प्रावधान होंगे। जनता की प्रतिक्रिया भी मांगी जाएगी। आतिशी ने कहा कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने कानूनों का उल्लंघन करते हुए बेसमेंट का उपयोग करने वाले कोचिंग सेंटरों पर कार्रवाई की है।आप नेत्री ने कहा कि, राजेंद्र नगर, मुखर्जी नगर, लक्ष्मी नगर और प्रीत विहार में 30 कोचिंग सेंटरों के बेसमेंट सील कर दिए गए हैं, जबकि 200 अन्य कोचिंग सेंटरों को नोटिस जारी किए गए हैं। मंत्री आतिशी ने कहा कि ओल्ड राजेंद्र नगर की घटना की मजिस्ट्रेट जांच की रिपोर्ट अगले छह दिनों में सौंप दी जाएगी। उन्होंने कहा, अगर कोई अधिकारी इस घटना में दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अवैध निर्माण के कारण ओल्ड राजेंद्र नगर में यह हादसा हुआ। आतिशी के अनुसार, जांच में यह भी पता लगाया जाएगा कि किस अधिकारी ने राव के आईएएस स्टडी सर्किल में बेसमेंट के अवैध इस्तेमाल के बारे में एक आईएएस उम्मीदवार द्वारा एमसीडी को भेजी गई शिकायत को नजरअंदाज किया, जहां तीन छात्रों की मौत हो गई।मजिस्ट्रेट जांच में यह पता लगाया जाएगा कि शिकायत पोर्टल का प्रभारी कौन अधिकारी था, जहां शिकायत अपलोड की गई थी और इसे कैसे नजरअंदाज किया गया। वहीं, ग्वालियर के एक सिविल सेवा उम्मीदवार ने सोमवार को दावा किया था कि उन्होंने संस्थान द्वारा बेसमेंट के अवैध इस्तेमाल के बारे में एमसीडी से शिकायत की थी और 15 और 22 जुलाई को रिमाइंडर भेजे थे, लेकिन मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# वायनाड जाते वक्त सड़क हादसे में बाल-बाल बचीं केरल की स्वास्थ्य मंत्री



**मंजेरी।** केरल में मंजेरी शहर के मलप्पुरम में प्रदेश सरकार की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री वीणा जॉर्ज एक सड़क दुर्घटना का शिकार हो गईं। दुर्घटना की वजह मंत्री की गाड़ी का एक स्कूटी से टकराना बताया जा रहा है। इस दुर्घटना में स्कूटी सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि मंत्री वीणा जॉर्ज को भी हल्की चोटें आई हैं। घटना के तुरंत बाद आसपास के लोगों ने एंबुलेंस को सूचित किया। जिसके बाद घायलों को मंजेरी मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। मंत्री वीणा जॉर्ज व स्कूटी चालक की स्थिति सामान्य है। दुर्घटना के समय वह वायनाड जा रही थीं। केरल सरकार की मंत्री वीणा जॉर्ज की सड़क दुर्घटना के कुछ वीडियो वायरल हो रहे हैं। इन वीडियो में मंत्री की गाड़ी आगे और पीछे दोनों तरफ से टूटी दिखाई पड़ रही है, जबकि स्कूटी टूट कर दीवार के ऊपर खड़ी दिख रही है।


**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

**डॉ.आर.के.अग्रवाल**
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

**डॉ.शशि अग्रवाल**
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

**मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)**

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


# तेहरान में मारा गया हमास का चीफ इस्माइल हानिया, ईरान ने किया कंफर्म

**तेहरान, 31 जुलाई [एजेंसी]।**



हमास चीफ इस्माइल हानिया की मौत हो गई है। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के बाद हमास ने भी उसके मौत की पुष्टि की है। जानकारी के मुताबिक, तेहरान में उनके आवास को निशाना बनाकर हमास प्रमुख इस्माइल हानिया और उसके बॉडीगार्ड की हत्या कर दी गई। हमला बुधवार तड़के किया गया गया था। हमास ने बताया कि एयरस्ट्राइक में दोनों की मौत हुई है। हानिया, ईरान के नए राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुआ थे। उन्होंने ईरान के सर्वोच्च नेता से भी मुलाकात की थी। इस्लामवादी गुट ने इस्माइल हानिया की मौत पर शोक व्यक्त किया। ईरानी राज्य टेलीविजन पर विश्लेषकों ने इस हत्या के लिए के लिए इजरायल को जिम्मेदार ठहराया है।इसी साल अप्रैल महीने में इजरायी सुरक्षाबलों ने हानिया के तीन बेटों को मौत के घाट उतार दिया था। गाजा पट्टी में एयरस्ट्राइक के दौरान तीनों की मौत हुई थी। ढ्ढष्ठस्न ने दावा किया था कि कि हानिया के तीन बेटे आमिर, हाजेम और मोहम्मद, आतंकी गतिविधियों में शामिल थे। पिछले साल 7 अक्टूबर की आधी रात को हमास आतंकवादियों ने इजरायल पर हवाई हमले किए थे। इस हमले में करीब 1,200 लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद इजरायल ने हमास के खिलाफ जंग छेड़ रखी है।

इजरायली सेना लगातार गाजा में हमास के खिलाफ सैन्य कार्रवाई कर रही है। इस्माइल हानिया का जन्म साल 1962 में गाजा पट्टी के अल-शती शरणार्थी शिविर में हुआ था। वो साल 2006 से लेकर 2007 तक फलस्तीन प्राधिकरण के प्रधानमंत्री के तौर पर काम कर चुका था। साल 2017 में उसे खालिद मेशाल की जगह हमास चीफ बनाया गया था ।इससे पहले इजरायल ने बेरूत में हिजबुल्ला के ठिकानों पर हमला किया। इजरायली सेना ने कहा कि गोलन हाइट्स पर किए गए रॉकेट हमले के जिम्मेदार आतंकी कमांडर को निशाना बनाया गया है। आईडीएफ ने एक बयान में कहा कि सबसे वरिष्ठ हिजबुल्लाह सैन्य कमांडर फुआद शुकर इजरायली हमले में मारा गया।

## पूर्व आईएएस अधिकारी प्रीति सूदन संभालेंगी यूपीएससी अध्यक्ष का पदभार



**नईदिल्ली।** आईएएस अधिकारी और केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव प्रीति सूदन संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालेंगी। प्रीति सूदन ने खुद एएनआई से पुष्टि की है कि वह संविधान के अनुच्छेद 316 ए के तहत 1 अगस्त को कार्यभार संभालेंगी। श्रीमती प्रीति सूदन एपी कैडर से 1983 बैच की आईएएस अधिकारी हैं, जो जुलाई, 2020 में केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव के पद से सेवानिवृत्त हुईं।

तरुण छत्तीसगढ़
e-Paper
www.tarunchhattisgarhkorba.com



# शासकीय अस्पतालों में कार्यरत चिकित्सक मरीजों को अनावश्यक निजी अस्पतालों में रिफर न करें : कलेक्टर

कोरबा । कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय कार्यों तथा टीएल में लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने जनहित के महत्वपूर्ण प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रभावित क्षेत्रों में शिविर लगाकर मरीजों का उपचार किया जाये। शासकीय अस्पतालों में चिकित्सक सहित अन्य स्टाफ समय पर पहुंचें। उन्होंने शासकीय अस्पतालों से चिकित्सकों द्वारा अन्य अस्पतालों में रिफर किये जाने वाले मरीजों के निजी अस्पताल पहुंचने पर उनकी जानकारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने शासकीय अस्पताल से अनावश्यक किसी भी मरीज को निजी अस्पताल में रिफर नहीं करने के निर्देश दिए।



कलेक्टर ने सभी एसडीएम को नक्शा, बटांकन के कार्यों में में प्रगति लाने, शासकीय उचित मूल्य के दुकानों में समय-समय पर खाद्यान्न वितरण की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पंचायतों में शासकीय कार्यों के लिए जारी राशि में अनियमितता करने वाले सरपंचों से वसूली करने के निर्देश एसडीएम को दिए। कलेक्टर ने विशेष पिछड़ी जनजाति (पीवीटीजी) परिवारों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने उनके बैंक खाता खोलने तथा जाति प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने जाति प्रमाण पत्र बनाने के दौरान दस्तावेजों का परीक्षण करने तथा फर्जी व्यक्ति का जाति प्रमाण पत्र जारी नहीं करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने भू-अर्जन अंतर्गत संबंधित विभाग को वर्ष 1980 से 2010 तक का रिकार्ड दुरूस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने एसईसीएल अन्तर्गत भू-विस्थापितों को नौकरी हेतु 15 अगस्त तक शिविर लगाने एवं दस्तावेजों की जांच कर पात्र हितग्राहियों की सूची प्रस्तुत करने के निर्देश अपर कलेक्टर को दिए। कलेक्टर ने बैठक में डीएमएफ अन्तर्गत जनपद पंचायतों के माध्यम से ग्रामीणों को दिए गये सिलाई मशीन के संबंध में एक सप्ताह के भीतर जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग को दिए।

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री वसंत ने आंगनबाड़ी और स्कूल के विद्यार्थियों का आधार कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविर लगाने के निर्देश देते हुए उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग को गंभीरता से इस कार्य को करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को स्कूली विद्यार्थियों का जाति प्रमाण पत्र बनाने के कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र में विद्युतीकरण, शासकीय कार्यालय में अनुकंपा नियुक्ति, संजय नगर रेलवे क्रासिंग स्थल पर अण्डर पास निर्माण कार्य की प्रक्रिया में प्रगति, वन अधिकार पत्र का डिजीटाइजेशन, शासकीय कार्यालयों में अनुपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों की जानकारी, कृषि विभाग को आधार सीडिंग, केवायसी,सीएमएचओ को विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती के संबंध में निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री संबित मिश्रा, नगर निगम आयुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगई सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## जिले में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन

कोरबा । जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र में 31 जुलाई 2024 को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार बैक्स एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी दुर्ग में वेल्डर, हेल्पर, इलेक्ट्रिशियन के, ग्राईडर, गैस कटर, रिंगर, फिटर व टेक्नीशियन के रिक्त पदों के अंतर्गत नियुक्ति की जाएगी। इन पदों हेतु आवेदकों की आयु सीमा 18 वर्ष से अधिक होना आवश्यक है। साथ ही नियुक्ति पश्चात कार्यस्थल उत्तर प्रदेश निर्धारित है। इच्छुक युवक-युवतियां 31 जुलाई को प्लेसमेंट कैंप के माध्यम से रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

## बुधवार को कोरबा और कटघोरा में उपलब्ध रहेंगे नेत्र चिकित्सक

कोरबा । कोरबा शहर एवं कटघोरा क्षेत्र के मरीजों की आवश्यकताओं का ध्यान रखते हुए कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने सप्ताह में एक दिन नेत्र चिकित्सक की उपस्थिति रानी धनराज कुंवर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोरबा और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटघोरा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा बुधवार को रानी धनराज कुंवर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोरबा और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटघोरा में नेत्र चिकित्सक की उपस्थिति नियत की गई। उक्त अस्पतालों में शासकीय मेडिकल कॉलेज कोरबा के नेत्र चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। नेत्र रोग से संबंधित मरीज निर्धारित दिवस में उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों में अपना उपचार करा सकते हैं।

## स्वस्थ शरीर के लिए सादा और पौष्टिक भोजन करना आवश्यक:डॉ संजय गुप्ता




कोरबा। भोजन तैयार करने उसे पकाने तथा प्रस्तुत करने की कला पाक कला कहलाती है। एक अच्छा और स्वादिष्ट खाना किसे अच्छा नहीं लगता प्रत्येक मानव सहित इस सृष्टि के प्रत्येक जीव को स्वादिष्ट भोजन की ख्वाहिश होती है। भोजन के बिना हम अधूरा महसूस करते हैं।क्योंकि भोजन से ही हमें ताजगी और ताकत मिलती है।यदि भोजन स्वादिष्ट और लजीज हो तो हमारी भूख भी बढ़ जाती है। लेकिन भोजन के स्वादिष्ट होने के साथ ही सेहतमंद भी होना आवश्यक है।

आज की बदलती जीवनशैली में भोजन पकाने की कला में भी विभिन्न प्रकार के तरीकों का इजाद कर लिया गया है। आज हम 21वीं सदी में जी रहे हैं और आज का मानव बिना आग के भी अपना भोजन तैयार कर सकता है और अपनी भूख मिटा सकता है। आल कूकिंग विदाउट फायर के कई तरीके हमारे पास मौजूद हैं। इससें न केवल हमारा समय बचता है अपितु यह हमारे लिए सुविधाजनक भी है। हम इस कलाउ के द्वारा कई स्वादिष्ट और जायके दार व्यंजन बनाकर अपनी भूखउ मिटा सकते हैं। दीपका स्थित इंडस पब्लिक स्कूल में समय-समय पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। जो कि पाठ्यसहगामी क्रियाओं से संबंधित रहती हैं। इससे बच्चों में न केवल प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास होता है अपितु वे कुछ नया भी सीखते हैं। विद्यालय में प्राइमरी स्तर के विद्यार्थियों के लिए सी सी ए के तहत 'कूकिंग विदाउट फायर' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता में प्रत्येक कक्षा के विद्यार्थियों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया एवं कई प्रकार के आकर्षक तथा स्वादिष्ट व्यंजनों के माध्यम से अपनी रुचि और कला का प्रदर्शन किया।किसी विद्यार्थी ने पपड़ी चाट बनाई तो किसी ने सलाद सजाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। एक से बढ़कर लजीज व्यंजनों के द्वारा विद्यार्थियों ने कूकिंग कला को प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता का उद्देश विद्यार्थियों को पोषण के प्रति जागरूक करना था।विद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय गुप्ता ने कहा कि विद्यालय केवल और केवल सीखने का ।ेह स्थान होता है। यहाँ सर्वत्र ज्ञान का ही प्रवाह होता है। हम विद्यार्थियों में छिपी प्रत्येंक प्रतिभा को बाहर लाने का प्रयास करते हैं।अध्ययन के साथ ही साथ शारीरिक ,सामाजिक,नैतिक और मानसिक स्वास्थ्य भी आवश्यक है।हम प्रतियोगिताओं का आयोजन कर विद्यार्थियों में सभी प्रकार के विकास का प्रयास करतें हैं।रही बात कूकिंग विदाउट फायर' तो आज की इस व्यस्त जीवन शैली में यह कला प्रत्येक के लिए उपयोगी साबित होती है।लेकिन शर्त यह है कि हमें खाना सेहतमंद और स्वच्छ खाना चाहिए।हमें जंक फूँड से हमेशा परहेज करना चाहिए।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसान अपनी फसलों का करा सकते हैं बीमा

कोरबा । प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना मौसम खरीफ वर्ष 2024 में कृषकों को बीमा आवरण में शामिल होने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ फसल हेतु सिंचित व असिंचित धान, मक्का, अरहर, मूंग, मूंगफली, कोदो, कुटकी, अरहर (तुअर) फसल का बीमा कराया जा रहा है। इन फसलों का ओलावृष्टि, बेमौसम बारिश, भूस्खलन, जल भराव, बादल फटने, आकाशीय बिजली जैसे प्राकृतिक आपदाओं, कीट एवं रोगों के परिणाम स्वरूप अधिसूचित फसलों के नष्ट होने की स्थिति में किसानों को बीमा का लाभ दिया जाएगा।

उपसंचालक कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त योजना के तहत ऋणी कृषक तथा गैर ऋणी कृषक (भूधारक व बटाईदार) शामिल हो सकते है। साथ ही जिले के ऐसे कृषक जिन्होंने खरीफ वर्ष 2023 फसल के लिए वित्तीय संस्थानों से मौसमी कृषि ऋण की सीमा कृषकों के आवेदन-प्रस्ताव प्राप्त करने की अंतिम तिथि या उसके पूर्व स्वीकृत नवीनीकृत की गई हो। वे अनिवार्य आधार पर योजना में शामिल होंगे। ऐसे किसानों को एक ही अधिसूचित क्षेत्र एवं अधिसूचित फसल के लिए अलग-अलग वित्तीय संस्थानों से कृषि ऋण स्वीकृत होने की स्थिति में एक ही वित्तीय संस्थान से बीमा करवाना होगा एवं इसकी सूचना संबंधित बैंक को देनी होगी । इसी प्रकार गैर ऋणी कृषक जो स्वैच्छिक आधार पर अधिसूचित फसल उगाते हैं। अथवा योजना में शामिल होने को इच्छुक हों, वे सभी क्षेत्रीय पटवारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा सत्यापित क्षेत्र बुआई पुष्टि प्रमाणपत्र तथा अन्य अनिवार्य दस्तावेज प्रस्तुत कर योजना में सम्मिलित हो सकते है। ऐसे किसान को सुनिश्चित करना होगा कि उसे कृषि योग्य भूमि पर कृषि किये जाने के लिए प्रस्तावित अधिसूचित फसल हेतु एकल स्त्रोत से ही बीमा आच्छादन प्राप्त कर रहे है। उन्हें एक ही रकबे हेतु एक से अधिक बार बीमा कराने की अनुमति नहीं होगी। एक ही रकबा का दुगुना बीमा करने की स्थिति में बीमा कंपनी के पास ऐसे सभी आवेदनों को निरस्त करने का अधिकार होगा। साथ ही ऐसे कृषकों का प्रीमियम वापस किया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना कियान्वयन हेतु एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड, चयनित बीमा कम्पनी है। कंपनी के जोखिमों की आच्छादन एवं अपवर्जन प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की संशोधित मार्गदर्शिका में वर्णित सभी प्रकार के जोखिम के लिए बीमा आवरण उपलब्ध होगा। जिसके अंतर्गत बाधित बोआई अथवा रोपण जोखिम में बीमाकृत क्षेत्र में कम वर्षा अथवा प्रतिकूल मौसमी दशाओं के कारण बोआई, रोपण या अंकुरण न होने से हुई नुकसान से सुरक्षा प्रदान करेगा । इसी प्रकार स्थानीयकृत आपदाएं के अंतर्गत अधिसूचित क्षेत्र में फसल को प्रभावित करने वाली ओलावृष्टि, जल भराव (धान फसल को छोड़कर) बादल का फटना और प्राकृतिक आकाशीय बिजली से व्यक्तिगत आधार पर अभिचिन्हित स्थानीयकृत जोखिमों से होने वाले क्षति से सुरक्षा प्रदान करेगा। फसल कटाई के उपरांत सुखाने अथवा छोटे बंडलों में बांध कर रखे हुए फसल को अधिकतम दो सप्ताह तक चक्रवात, चक्रवातीय वर्षा एवं बेमौसमी वर्षा से होने वाले क्षति से सुरक्षा प्रदान करेगा। युद्ध, नाभिकीय जोखिमों से होने वाली हानियों, दुर्भावना-जनित क्षतियों और अन्य निवारणीय जोखिमों को इसमें शामिल नहीं किया गया है।

खरीफ फसल के लिए कृषक द्वारा देय प्रीमियम बीमित राशि का 2 प्रतिशत है। मक्का के लिए बीमित राशि प्रति हेक्टेयर 36 हजार और किसान द्वारा देय प्रीमियम प्रति हेक्टेयर 720 रूपये है। इसी प्रकार धान सिंचित के लिए बीमित राशि प्रति हेक्टेयर 60 हजार व किसान द्वारा देय प्रीमियम प्रति हेक्टेयर 1200 रूपये, धान असिंचित के लिए बीमित राशि प्रति हेक्टेयर 43 हजार व किसान द्वारा देय प्रीमियम प्रति हेक्टेयर 860 रूपये, मूंग के लिए बीमित राशि प्रति हेक्टेयर 22 हजार रूपए व किसान द्वारा प्रीमियम प्रति हेक्टेयर 440 रूपए, उड़द के लिए बीमित राशि प्रति हेक्टेयर 22 हजार व देय प्रीमियम प्रति हेक्टेयर 440 रूपये, अरहर के लिए बीमित राशि प्रति हेक्टेयर 35 हजार रुपए देय प्रीमियम प्रति हेक्टेयर 700 रूपये, कोदो के लिए बीमित राशि प्रति हेक्टेयर 16 हजार व किसान द्वारा देय प्रीमियम प्रति हेक्टेयर 320 रूपए, मूंगफली के लिए बीमित राशि प्रति हेक्टेयर 42 हजार व देय प्रीमियम प्रति हेक्टेयर 840 रूपये एवं रागी (मड़वा) के लिए बीमित राशि प्रति हेक्टेयर 15 हजार व किसान द्वारा देय प्रीमियम प्रति हेक्टेयर 300 रूपए निर्धारित है।

योजनांतर्गत ऋणी कृषक अनिवार्य रूप से एवं अऋणी कृषक ऐच्छिक रूप से लाभ ले सकते हैं। पंजीकरण के लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 नियत है। पंजीयन हेतु कृषक बी-वन खसरा, वन पट्टा, ऋण पुस्तिका की छायाप्रति, आवेदन पत्र, बैंक पास बुक, आधार कार्ड की छायाप्रति, बोवाई प्रमाण पत्र (ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी/पटवारी द्वारा प्रमाणित) जैसे अनिवार्य दस्तावेजों के साथ अपने नजदीकी बैंक शाखा, प्राथमिक कृषि सेवा सहकारी समिति, लोक सेवा केंद्र, बीमा कंपनी या पोस्ट ऑफिस के माध्यम से अपनी फसलों का बीमा करवा सकते हैं। किसान अधिक जानकारी हेतु विकासखण्डों में संचालित कृषि कार्यालयों से संपर्क कर सकते हैं।

## बांकीमोंगरा में समस्याओ के खिलाफ पार्षदों ने पूर्व विधायक के साथ मिलकर बोला हल्ला

कोरबा । पूर्व विधायक पुरषोत्तम कंवर एवं नगर पालिका निगम में कांग्रेस, माकपा पार्षदगण उपस्थित होकर नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा सीएमो से मुलाकात कर पिछले वर्ष से लटके विकास कार्यों पर चर्चा की एवं पूर्व में पार्षदों द्वारा कार्यों की मांग पर किसी भी प्रकार का पहल ना करने पर क्षेत्र में समस्याओ का अंबार लगा हुआ है। मूल भूत कार्य जो विधानसभा चुनाव पूर्व निकाले गए निविदाओ को नव गठित प्रदेश सरकार ने निरस्त कर दिया।

पुरषोत्तम कंवर ने कहा की विकास के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद का निर्माण कराया गया था। लेकिन प्रदेश में सरकार बदलते साथ ही अपने अधिकारों का दुरूपयोग कर विकास कार्य ठप्प कर दिए ना परिषद को अभी तक फंड मोहईया कराया गया है एवं मूल भूत सामग्री प्रदान की गई है जिससे परिषद कार्य आसानी से कर सके। निर्वाचित पार्षदों को अनदेखा कर संचालन समिति का निर्माण किया गया है जो गलत है। जिससे बांकीमोंगरा क्षेत्र में समस्याओ की बढ़ोतरी हुई है। क्षेत्र का विकास कार्य एक वर्ष पीछे चला गया। जल्द से जल्द मांगो को पहल में ना लाने पर निगम पालिका परिषद के खिलाफ हल्ला बोला जाएगा। इसमें प्रमुख रूप से जनप्रतिनिधि वार्ड पार्षद 60 अजय प्रसाद, 61 शाहिद कुजूर, 62 कौशल्या बिंझवार, 63 राजकुमारी कंवर, 64 पवन गुप्ता एवं कांग्रेस एवं माकपा प्रतिनिधि प्रशांत झा, जवाहर सिंह कंवर, वीनू बिंझवार, शिवरतन कंवर, संजय आजाद, परमानन्द सिंह, नवल किशोर पंडित, प्रदीप अग्रवाल, विकास सिंह, अब्दुल रहमान, नवीन कुकरेजा, चुमन अग्रवाल, शैलेन्द्र मिश्रा, किशन, मोहन लदेर, प्रेम श्रीवास, राकेश अग्रवाल, आदि पहुँचे थे।

# आयुष मेडिकल एसोसिएशन का चिकित्सक सम्मेलन संपन्न

कोरबा। आयुष मेडिकल एसोसिएशन का चिकित्सक सम्मेलन जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.उदय शर्मा के मुख्य आतिथ्य में होटल टॉप इन टाउन में आयुष मेडिकल एसोसिएशन कोरबा एवं झंडू फार्मा कोलकाता के संयुक्त तत्वाधान में आस्टीयोपोरोसिस (अस्थि सुशिरता ) रोग पर संभाषा परिषद के रूप में मनाया गया। जिसका शुभारंभ सभी चिकित्सकों द्वारा आयुर्वेद प्रवर्तक धनवन्तरी तथा भारत माता के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर एवं उनके समक्ष दीप प्रज्वलन कर विधिवत पूजन अर्चन कर कीया । उसके पश्चात सभी चिकित्सकों ने आस्टीयोपोरोसिस (अस्थि सुशिरता ) रोग के कारण, निदान एवं उपचार के विषय में परिचर्चा की एवं अपने अपने विचार रखे। उसके पश्चात झंडू फार्मा के एएसओ मनीष कौशिक ने आयुष चिकित्सकों के साथ मिलकर अंचल में आस्टीयोपोरोसिस (अस्थि सुशिरता ) रोग पर वृहद निशुल्क जांच, चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर का आयोजन कर इस रोग के विषय मे जनजागरण करने की बात कही। जिसपे आयुष मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा ने पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। मुख्य अतिथि की आसंदी से जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.उदय शर्मा ने सम्मेलन में उपस्थित चिकित्सकों को संबोधित करते हुये कहा की आस्टीयोपोरोसिस (अस्थि सुशिरता) रोग अस्थिगत वात रोग है। जिसमे हमारी अस्थियों का घनत्व कम हो जाता है और हमारी अस्थियां कमजोर हो जाती है। जिसके कारण जरा सा भी आघात लगने पर वो टूट जाती है। उन्होंने आस्टीयोपोरोसिस (अस्थि सुशिरता ) रोग का मुख्य कारण कैल्शियम एवं विटामिन डी की कमी को बताते हुये कहा की आस्टीयोपोरोसिस (अस्थि सुशिरता) रोग मे औषधियों से रोगोपचार के साथ-साथ अभ्यंग (तेल की मालिश) एवं आतप स्नान से भी अप्रत्याशित लाभ मिलता है।साथ ही उन्होंने आयुष मेडिकल एसोसिएशन के चिकित्सकों से कहा की सभी चिकित्सक रोगी का जिस तरह हित हो वैसा चिकित्सकीय कर्म पूरी निर्भयता से करें। मैं तन मन धन से आप लोगों के साथ हूँ और सदैव रहूँगा। इस चिकित्सक सम्मेलन में आयुष मेडिकल एसोसिएशन के संरक्षक डॉ.जे.पी.चन्द्रा, डॉ.कमलेश दुबे, डॉ.अतुल धाबू, डॉ.सपना धाबू, अध्यक्ष डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा, कोषाध्यक्ष डॉ.संजय वैष्णव, उपाध्यक्ष डॉ.पी.एल.साहू, सहसचिव डॉ.आर.जी.साहू, कार्यकारिणी सदस्य डॉ.अश्विनी आर्य, डॉ.अमित मिश्रा, डॉ.गणेश प्रभुआ, डॉ.उपमा नायक, डॉ.संगीता शर्मा, डॉ.नीता साहू, डॉ.नंदिनी तिवारी, डॉ.ललित साहू, डॉ.प्रियदर्शिनी मिश्रा, डॉ.पवन मिश्रा, डॉ.प्रदीप कश्यप, डॉ.बंशीधर नायक, डॉ.राजेश गभेल, डॉ.सुधांशु शर्मा, डॉ. शिवानंद साहू, डॉ.लव कुमार साहू, झंडू फार्मा के एएसओ मनीष कौशिक तथा आयुष मेडिकल एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी, सदस्य तथा बड़ी संख्या में जिले के बी.ए.एम.एस. चिकित्सक विशेष रूप से उपस्थित थे ।




## कृष्णा नगर लोगों ने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा

कोरबा। गेवरा पेंड्रा रेल कॉरिडोर परियोजना से एसईसीएल दीपका गेवरा से सम्पर्क रेल लाइन के कारण नगर पालिका परिषद दीपका के वार्ड 7 कृष्णा नगर वासियों के लिए अभिशाप बन जाने का खतरा मंडरा रहा है । इस रेल पथ के प्रस्ताव आने के बाद से ही विरोध हो रहा है क्योंकि कृष्णा नगर चारों दिशाओं से रेल पथ , कोयला सड़क , वाशरी से घिर रहा है जिससे यहां के रहवासियों को आवागमन के साथ ही प्रदूषण की समस्याओं से जीना दूभर हो जाएगा । पूर्व में यहां के 42 मकानों का अर्जन किया जा चुका है और बस्ती से रेल लाइन गुजरने से अन्य 140 मकान में रहने वाले 3000 से ज्यादा की आबादी प्रभावित होंगे जिनका पूर्ण अर्जन अन्य स्थान पर पुनर्वास की मांग को लेकर आवेदन करते थकने के बाद लोंगो को अब मजबूरी में आंदोलन की राह चुनने के लिए बाध्य होना पड़ा है । इस समस्या को लेकर पिछले दिनों दीपका नगर पालिका परिषद के वार्ड 7 कृष्णा नगर में ऊर्जाधानी भू विस्थापित किसान कल्याण समिति के अध्यक्ष सपुरन कुलदीप की उपस्थिति में बैठक आहूत की गई जिसमें सर्व सम्मति से चरण बद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है आंदोलन का आगाज करते आज घेराव और प्रदर्शन किया गया ।

गौर तलब है कि एसईसीएल कोयला परिवहन की समस्या को दूर करने के लिए गेवरा रोड ङ्क पेंड्रा रोड रेल कॉरिडोर परियोजना तैयार की गई है जिसमे 135 किमी लम्बी रेल परिपथ का निर्माण किया जाना है । इस रेल कॉरिडोर से दीपका गेवरा क्षेत्र से कोयला परिवहन करने के लिए सम्पर्क रेल मार्ग का निर्माण किया जा रहा है जो कि बस्ती से लगभग 20 फिट ऊंची और 9 रेल लाइन बनाया जा रहा है अभी भी दो रेल लाइन दूसरी तरफ से चल रही है जबकि एक ओर कोयला परिवहन और कोल वाशरी से घिरा हुआ है जिससे पूरी बस्ती गड्ढे में तब्दील हो जाएगी और कृष्णा नगर सभी दिशाओं से घिर जाएगा और आने वाले समय में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा । आंदोलन का नेतृत्व कर रहे भूविस्थापित नेता सपूरन कुलदीप ने बताया है कि इसके बाद कलेक्टर कार्यालय में 6 अगस्त को धरना प्रदर्शन कर अपनी मांगों को रखेंगे और बात नही बनने पर 20 अगस्त को कृष्णा नगर से होकर गुजरने वाली रेल रोको आंदोलन किया जाएगा । उन्होंने कहा हैं कृष्णा नगर के नागरिकों को अन्यत्र पुनर्वास देने की मांग को ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति ने समर्थन दिया है और यदि बस्ती वासियों की मांगों की अनदेखी की जाएगी तो उनके आंदोलन को विस्तार किया जाएगा ।

## साहू समाज की महिलाओं ने मनाया सावन उत्सव



कोरबा। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महिला साहू समाज बालकों द्वारा इंदिरा मार्केट स्थित साहू सदन बालकों नगर में सहपरिवार सावन उत्सव का भव्य आयोजन किया। आयोजन में महिला साहू समाज के लगभग सभी सदस्यों ने बड़े ही उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत साहू समाज की आराध्या, कुलदेवी, भक्त माता कर्मा की आरती व तैल चित्र में दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात रैम्पवाक में उपस्थित सभी नारी शक्ति ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचय दिया। इस पल को खास बनाने के लिए मनोरंजन के दृष्टिकोण से विभिन्न प्रकार के खेलो का आयोजन भी किया गया, जिसमें विजयी प्रतिभागी छाया साहू,संगीता साहू,ज्योति केशव साहू एवं वंदना साहू को उपहार देकर सम्मानित किया गया। सभी सदस्यों ने एक से बढ़कर एक गीतों के माध्यम से अपनी रंगारंग प्रस्तुति दी व सावन के गीतों में जमकर झूमे। सभी सदस्यों ने प्रत्येक विधा में बढ़-चढ़कर भाग लिया और आनंद के पल बटोरे। सावन क्वीन का खिताब हिमानी टीकेन्द्र साहू को दिया गया एवं उपविजेता सुचिता डिकेश्वर साहू एवं कविता ओमप्रकाश साहू रही।कार्यक्रम में मुख्य रुप से वरिष्ठ सदस्य लक्ष्मी साहू,उर्मिला साहू, हिमानी साहू (सचिव), पूजा साहू (कोषाध्यक्ष), कविता सुदामा साहू, अर्चना साहू,नीता साहू,उषा साहू,ज्योति विजय साहू,प्रियंका साहू,अनीता साहू,हर्षा चौधरी, साक्षी साहू,जानवी साहू,निशिकला साहू,कीर्तिबला साहू,रश्मि साहू,रितु साहू,भूमिका साहू,इला साहू,रानी साहू,दीनू साहू,पायल साहू,संध्या साहू,तरुण लता साहू,वर्षा साहू,इंदु उपासना साहू,देवबती साहू,रेणु साहू,नेहा साहू,कविता वरद साहू ,दीनू साहू,पुष्पा साहू,गुंजन साहू,रुती साहू एवं भारी संख्या में बच्चे भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हिमानी साहू एवं कविता साहू ने किया व आभार प्रकट पूजा साहू ने किया।

## शिप्रा फाउंडेशन ने मनाया स्वास्थ्य पखवाड़ा

कोरबा। शिप्रा सस्टेनेबल डेवलपमेंट फाउंडेशन द्वारा दिनांक 21/07/2024 से 29/07/2024 तक कोरबा जिले में स्वास्थ्य पखवाड़े का आयोजन किया गया । इस स्वास्थ्य पखवाड़े के दौरान हाइपरटेंशन यानी की बी.पी पर निशुल्क परामर्श, बी.पी जांच व परिवार नियोजन व परिवार कल्याण पर निशुल्क परार्मश व एच आई वी/ एड्स पर जानकारी व जागरूकता प्रदान किया गया ।इसके तहत बी.पी जागरूकता के अंतर्गत लोगों को जानकारी दी गई, बी.पी मापा गया एवं स्वास्थ्य शिविर में डॉ. गीतिका राठौर के द्वारा सफाई कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया व उन्हे स्वस्थ आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद, तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच, नियमित स्वास्थ्य जांच व धूम्रपान, शराब से बचने की सलाह सभी को प्रदान की ।उसी तरह से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं और पुरुषों को परिवार नियोजन के लाभ, उपाय व परिवार नियोजन के स्थाई ङ्क अस्थाई साधनों की जानकारी प्रदान की गई । उन्हे बताया किया महिलाओं के साथ साथ पुरुषो को भी नशबंदी व उसे जुड़ी भ्रांतियों के ऊपर सही सलाह काउंसलरों द्वारा प्रदान की गई ।एच आई वी/ एड्स के ऊपर कोरबा क्षेत्र के ट्रक ड्राइवर और ऑपरेटरों को जानकारी प्रदान की गई जिसमे उन्हे एच आई वी/ एड्स कैसे फैलता है, उसके लक्षण, इसे बचने के लिए सावधानियां, औषधि व उपचार की जानकारी प्रदान की गई ।संस्था के द्वारा इस माह जरूरतमंदों की निशुल्क शुगर जांच की गई व उन्हे नियंत्रण के उपायों के बारे में भी जागरूक किया गया । इस अभियान के माध्यम से शिप्रा सस्टेनेबल डेवलपमेंट फाउंडेशन ने समाज में जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया व महिलाओं और पुरुषों की स्वास्थ्य पर समझ बनाई व स्वास्थ्य संबंधित पठन सामग्री का वितरण किया गया । इन सभी कार्यक्रमों से कुल 700 से ज्यादा पुरुष व महिलाएं लाभान्वित हुई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु संस्था के कार्यकर्ताओं ने अपना योगदान प्रदान किया । सफाई कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण करने हेतु डॉ गीतिका राठौर जी जो की रानी धनराज कुंवर देवी पीएचसी, कोरबा में वर्तमान में पदस्थ है, उनका विशेष योगदान रहा ।

## 09 लावारिस वाहनों को वाहन स्वामी को किया गया सुपुर्द किया

कोरबा । कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी थाना/चौकी के द्वारा विशेष अभियान चलाकर थाना/चौकी में खड़े लावारिस वाहनो की जांच कर उसका निराकरण किया जा रहा है। इस अभियान के तहत थाना/चौकी क्षेत्र जैसे बाज़ार, बस स्टैंड आदि में लावारिस हालत में मिले वाहन जो काफी समय से थाना में खड़े हैं उनकी जांच कर आरटीओ से वाहन स्वामी की जानकारी लेकर उनके वाहन स्वामी को संपर्क कर उनको सुपुर्दनामे में दिये जाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके तहत अभी तक कोरबा जिले में थाना दीपका के द्वारा 03 वाहन, कुसमुंडा से 02 वाहन, लेमरु से 02 और मोरगा से 02 वाहन कुल 09 वाहन सुपुर्दनामा में वाहन स्वामी को दी गई है। कोरबा पुलिस के द्वारा अपील की जा रही है सभी थाना/चौकी में लावारिस वाहनों की सूची उपलब्ध है

# हसदेव नदी को खोखला कर रहे रेत माफिया

**जांजगीर चांपा।** हसदेव नदी के तट पर दिन भर अवैध रेत उत्खनन का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। जबकि प्रदेश सरकार ने 15 जून से 15 अक्टूबर तक रेत उत्खनन पर पाबंदी लगा दी है।

जिले के रेत माफिया खनिज अफसरों पर हावी हैं। वहीं माफियाओं को उफनती नदी का तनिक भी डर नहीं रह गया है। हसदेव नदी में रात को जेसीबी मशीन से रेत निकाली जा रही है और नदी तट पर डंप कर इसे दिन में खपाया जा रहा है। इतना ही नहीं हसदेव नदी के तट पर दिन भर अवैध रेत उत्खनन का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। जबकि प्रदेश सरकार ने 15 जून से 15 अक्टूबर तक रेत उत्खनन पर पाबंदी लगा दी है। इसके बाद भी जिले में रेत का अवैध उत्खनन दिन दहाड़े हो रहा है। इससे सरकार को कोई सरोकार नहीं है।

प्रदेश सरकार ने रेत उत्खनन पर प्रतिबंध जरूर लगा दिया है लेकिन यह केवल कागजों तक सीमित है। जांजगीर-चांपा जिले में अब भी दर्जनों अवैध रेत घाट आबाद है। दिलचस्प बात यह है कि रेत माफिया रात को चेन माउंटेन मशीन से उफनती नदी व उसके तट से रेत निकाल रहे हैं और रेत डंप कर उसे दिन में खपा रहे हैं।ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी कलेक्टर व खनिज अफसरों को नहीं है। अफसरों को इस बात की जानकारी होने के बाद भी वे कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति करते हैं। विडंबना यह है कि, गाड़ापाली रेत घाट में भादा निवासी पूरन कश्यप नाम के व्यक्ति ने अवैध रूप से रेत का पहाड़ बना लिया है। रेत को बिलासपुर में खपा रहा है। उसके मुंसी ने बताया कि पूरन कश्यप की रेत डंपिंग यार्ड है। इस संबंध में वही जवाब दे पाएंगे। हमें इसकी जानकारी नहीं है। हम केवल वर्कर हैं।

**16 से अधिक रेत घाट चिन्हांकित**

जिले में हसदेव नदी व चित्रोत्पला (महानदी) गुजरी है, जहां नदी तट पर जंर्नों चेन माउंटेन मशीन के अलावा जेसीबी सड़क किनारे किसी झुरमुट मिल जाएगा। ऐसी मशीनें रात को नदी से रेत की खुदाई करते हैं फिर नदी तट पर रेत का डंप कर देते हैं। फिर दिन में इसे खपाया जाता है।

## जिला स्तरीय मिशन शक्ति एवं टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में मिशन शक्ति के सभी घटकों एवं बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं अभियान के क्रियान्वयन हेतु गठित जिला स्तरीय मिशन शक्ति समिति एवं टास्क बैठक आयोजित की गई। बैठक में जन्म के समय लिंगानुपात (एसआरबी) में हर साल 02 अंक सुधार हेतु जिले के सभी सोनोग्राफी सेंटर में निगरानी करने हेतु निर्देशित किया गया, जिससे कन्या भ्रूण हत्या को रोका जा सके। संस्थागत प्रसव के प्रतिशत में सुधार करने या 95 प्रतिशत या उससे अधिक की दर से निरंतर, पहली एएनसी पंजीकरण में 01 प्रतिशत की वृद्धि करने, और माध्यमिक शिक्षा स्तर पर नामांकित में 01 प्रतिशत की वृद्धि और बालिकाओं/महिलाओं का कौशल विकास तथा माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तर पर बालिकाओं के बीच ड्रॉप आउट बालिकाओं का चिन्हांकन करना तथा सुरक्षित मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन (एमएचएम) के बारे में जागरूकता बढ़ाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में सहायक कलेक्टर , अपर कलेक्टर, अतिरिक्त पुलिस , मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# ग्रामीणों को बीमारियों की जानकारी से अवगत कराए और निःशुल्क उपचार दें: केक्टर

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा ने खोखरा के पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास, अवरीद के आंगनबाड़ी केन्द्र, धुरकोट के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं जल जीवन मिशन के कार्य, बुड़ेना के हायर सेकेण्डरी स्कूल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि धुरकोट गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाकर नागरिकों की जांच करें और उन्हें विभिन्न प्रकार की बीमारियों के बारे में जानकारी से अवगत कराएं एवं निःशुल्क ईलाज कर लाभान्वित करें।

कलेक्टर ने धुरकोट आयुष्मान आरोग्य मंदिर के निरीक्षण के दौरान अव्यवस्थाओं को लेकर स्वास्थ्य अमले को कड़ी फटकार लगाई। कलेक्टर ने कहा कि स्वस्थ जांजगीर-चांपा अभियान के तहत विभिन्न प्रकार की बीमारियों की जांच की जा रही है, इसके बाद भी केंद्र में ओपीडी की संख्या कम है। केंद्र में कम ओपीडी को लेकर नाराजगी व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिविर लगाकर लोगों की जांच करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्टाक पंजी एवं विभिन्न कक्षों का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने धुरकोट में जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत कार्यों निरीक्षण करते हुए कहा कि गांव के अंतिम व्यक्ति तक पानी पहुंचे और अगर किसी को कोई समस्या आती है उसका तत्काल निराकरण करें। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रत्येक घर में पानी पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। इस दौरान उन्होंने जल जीवन मिशन के हितग्राही प्यारेलाल एवं श्रीमती उमादेवी राठौर से जल जीवन मिशन के तहत दी जा रही पानी की सुविधा को लेकर चर्चा भी की।

कलेक्टर छिकारा ने खोखरा के पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने विद्यार्थियों के रहने वाले कक्ष का भ्रमण किया। उन्होंने छात्रावास अधीक्षक को विद्यार्थियों की पढ़ाई को लेकर नियमित रूप से लाइब्रेरी के माध्यम से पुस्तके उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि छात्रावास में सांस्कृतिक एवं खेल की गतिविधियां नियमित रूप से आयोजित की जाए ताकि बच्चों के बौद्धिक विकास के साथ शारीरिक विकास भी हो सके। उन्होंने भवन की आवश्यक मरम्मत करने, सीपेज की समस्या को दूर करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। उन्होंने छात्रावास परिसर में पौधारोपण भी किया। छात्रावास में रहने वाले छात्र प्रशांत, राहुल, आकाश से छात्रावास में दी जा रही सुविधाओं एवं उनकी पढ़ाई के संबंध में जानकारी ली और छात्रों से कहा कि भविष्य में एक लक्ष्य बनाकर आगे बढ़े और छात्रावास में रहते हुए बेहतर पढ़ाई कर कामयाब इंसान बने। इस दौरान एसडीएम जांजगीर श्रीमती ममता यादव सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

**कलेक्टर ने किया आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण**

कलेक्टर आकाश छिकारा ने आज विकासखंड नवागढ़ के ग्राम पंचायत अवरीद के आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने केन्द्र में उपस्थित बच्चों से दोस्ताना अंदाज में बात करते हुए कविता, गिनती, ए,बी,सी,डी, फलो के नाम के बारे में पूछा। बच्चों ने प्रश्नो के उत्तर दिए तो कलेक्टर ने उन्हें टॉफी देकर प्रोत्साहित किया। इस दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों को साप्ताहिक मेनू के अनुसार बच्चों के पौष्टिक आहार देने के निर्देश दिए। उन्होंने बुड़ेना में स्वर्गीय डॉ गुलाब सिह राणा हायर सेकेण्डरी स्कूल का निरीक्षण किया। स्कूली बच्चों से चर्चा करते हुए कहा कि बोर्ड की परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर अभी से मेहनत करें और पाठ्यक्रम के अनुसार पढ़ाई कर आगे बढ़े। उन्होंने उत्कृष्ट अभियान को लेकर शिक्षकों से जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## सहकारी समिति कम्प्यूटर ऑपरेटर संघ के अध्यक्ष चंडी सिंह चुने गए

**जांजगीर।** सहकारी समिति जिला कम्प्यूटर ऑपरेटर संघ कार्यकारिणी जांजगीर-चाम्पा का गठन हुआ, जिसमें अध्यक्ष पद के लिये राजा चंडी सिंह, उपाध्यक्ष पद के लिये कमलेश यादव, सचिव पद के लिए गणेश देवांगन, कोशाध्यक्ष पद के लिये जगेश बरेठ को मनोनीत किया गया। संघ के संरक्षक ओमप्रकाश पाण्डेय को मनोनीत किया गया है। इस अवसर पर सभी ऑपरेटर उपस्थित रहे।

## नाबालिग का अपहरण कर किया दुष्कर्म, 2 साल बाद पुलिस ने दबोचा

**जांजगीर चांपा।** नाबालिग का अपहरण कर उससे अनाचार करने वाले दो वर्ष से फरार आरोपी को पुलिस ने जम्मू कश्मीर में पकड़ा। पुलिस के अनुसार पीड़िता 14 जून 2022 की रात्रि में अपने घर सोई हुई थी। सुबह उसके परिजनों ने देखा तो घर पर नहीं थी। आसपास पता तलाश किए पता नहीं चला। जिसकी रिपोर्ट पर 15 जून 2022 को इसकी रिपोर्ट थाना बिर्रा में करायी गई। धारा 363 भादवि अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पता चला कि पीड़िता को आरोपी रमेश पटेल उम्र 20 वर्ष निवासी सिलादेही द्वारा जम्मू कश्मीर तरफ ले जाकर दैहिक शोषण किया। मामले की सूचना पर बिर्रा पुलिस द्वारा पूर्व में पीड़िता को जम्मू कश्मीर से बरामद किया है। प्रकरण की विवेचना के दौरान धारा 366 क 376 भादवि तथा धारा 4, 6 पॉक्सो एक्ट जोड़कर विवेचना की गई।

## चेन स्नेचिंग की घटनाएं बढ़ी सक्ती में

**सक्ती।** सक्ती शहर के कंचनपुर रोड पर मंगलवार की शाम इवनिंग वॉक पर ट्राई साइकिल सेंी नकली बंधवा तालाब निवासी दिव्यांग महिला मधु अग्रवाल के गले से चैन लूटकर बदमाश बाइक से फरार हो गए। चैन लगभग छह तोले की बताई जा रही है। महिला परिजनों के साथ प्रतिदिन की तरह देर शाम इवनिंग वॉक पर व्हील चेयर में बैठकर निकली थी। उसी दौरान वह चैन स्नेचिंग का शिकार हो गई।

# भाजपा ग्रामीण मंडल की हुई बैठक कार्यकर्ताओं को दी गई कार्ययोजना की जानकारी




**अकलतरा।** भारतीय जनता पार्टी अकलतरा ग्रामीण की मंडल स्तरीय बैठक हुई। कोटमीसोनार के शुभ मंगलम परिसर में भाजपा जिला अध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल, अकलतरा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी दिनेश सिंह उपस्थित रहे। बैठक में चंदेल ने कहा कि यह कार्य विस्तारित बैठक प्रदेश स्तरीय, जिलास्तरीय और मंडल स्तरीय के साथ बूथ तक कार्य योजनाओं को पहुंचाने के लिए है। सभी को मिलजुल कर संगठन का कार्य करना है। कार्यक्रम में दिनेश सिंह ने कहा कि बैठक संगठन को मजबूती प्रदान करने व भाजपा के कार्यकर्ताओं ने समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य को आगे बढ़ाने के उद्देश्य को लेकर रखी है।

## सोसायटी के कम्प्यूटर ऑपरेटर हड़ताल पर, किसानों को दिक्कत

**बिलासपुर।** सोसाइटी के कम्प्यूटर ऑपरेटरों हड़ताल पर चले गए हैं । इससे किसानों को दिए जाने वाले केसीसी ऋण, फसल बीमा के काम प्रभावित हो रहे हैं। फसल बीमा के लिए 31 जुलाई आज अंतिम तिथि निर्धारित है। इधर, ऑपरेटरों का कहना है कि मांगें पूरी नहीं हुईं, तो वे 5 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे। ऑपरेटर दो सूत्रीय मांग को लेकर हड़ताल पर हैं। छग समर्थन मूल्य धान खरीदी कम्प्यूटर ऑपरेटर संघ के प्रदेश संयोजक विद्याशंकर यादव ने कहा कि संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण और वेतन वृद्धि करने की बात कही गई थी। लेकिन 10 साल बीत जाने के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

*__बिलासपुर।__ बिलासपुर जिले के सरकंडा स्थित शासकीय आयुर्वेद अस्पताल के डॉक्टर ने इलाज के बाद 3 हजार रुपए रिश्वत की मांग की है। मरीज के भाई ने स्टिंग वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया है।

# शिविर में दिव्यांगों को किया गया बैटरी चलित सायकल का वितरण



**जांजगीर-चाम्पा ।** सामर्थ्य विकास कार्यक्रम अंतर्गत विकासखंड अकलतरा के स्व. श्री योगेश सिंह स्मृति भवन में विकासखण्ड स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में शिविर में दिव्यांगजनों को बैटरी चलित ट्रायसायकल, हस्त चलित ट्रायसायकल, व्हीलचेयर, बैशाखी, श्रवण यंत्र, एवं अन्य सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन, भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी को पुष्पांजली अर्पित कर किया गया। शुभारंभ उपरांत टी.पी. भावे उप संचालक समाज कल्याण, द्वारा कार्यक्रम प्रतिवेदन एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दिया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अकलतरा राघवेन्द्र कुमार सिंह ने दिव्यांगजनों को शुभकामनाएं देते हुए कहा गया कि ''दिव्यांगजनों के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी एवं हितलाभ अंतिम क्षेत्र में निवासरत दिव्यांगजनों तक पहुँचनी चाहिए तथा संचालित योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार होनी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व विधायक सौरभ सिंह अपने उद्बोधन में कहा की समस्त पात्र दिव्यांगजनों को उनके आवश्यकता के अनुरूप मोटराइज्ड ट्रायसिकल, हस्त चलित ट्रायसायकल एवं अन्य सहायक उपकरण का लाभ दिया जाना सुनिश्चित किया जावे। उक्त शिविर 14 मोटराईज्ड ट्रायसायकिल, 08 हस्त चलित ट्रायसायकिल, 01 व्हील चेयर, 02 जोड़ी बैशाखी, एवं 01 श्रवण यंत्र दिव्यांगजनों को अतिथियों द्वारा वितरण किया गया, आवश्यकता अनुरूप सामाग्रियां प्राप्त कर दिव्यांगजनों द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए समाज कल्याण विभाग के प्रति अभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शांति भारते, जिला पंचायत सभापति धरमलाल भारद्धाज, जिला पंचायत सदस्य दिलेश्वर साहू, जनपद पंचायत अकलतरा सदस्य श्यामलाल बर्मन, दिगम्बर साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष खुलन सोनवानी, उमाकांत भारते, ग्राम मुड़पार सरपंच प्रतिनिधि संतोष यादव, एसडीएम विक्रांत अंचल, जनपद पंचायत अकलतरा सीईओ प्रशांत गुप्ता सहित जनप्रतिनिधि, संबंधित अधिकारी कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या उपस्थित थे।

* **सक्ती।** क्षेत्र में हो रही बारिश के बाद अब खेती किसानी के कामों ने गति पकड़ लिया है किसान अब अपने खेतों में रोपा लगाने का काम कर रहे हैं। रोपा फसल लेने से धान की पैदावार बढ़ती है। इसलिए किसानों का रूख अब इस ओर ज्यादा है।

## बजरंग लाल खेमुका दिवंगत

**जांजगीर-चांपा।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक बजरंग लाल खेमुका का शनिवार 27 जुलाई को निधन हो गया। वे सुभाष खेमुका के पिता व पुरुषोत्तम खेमुका एवं विष्णु खेमुका के बड़े भाई थे। उनका अंतिम संस्कार रविवार 28 जुलाई को सुबह: 10 बजे मारवाड़ी मुक्ति धाम नैला में किया गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है। अंतिम यात्रा सुबह निवास स्थान अग्रसेन भवन के पास से से निकल गई जहां स्व॰ जातीय ब बंधुओं के अलावा विभिन्न समाज के लोग बहुतायत संख्या में उपस्थित थे। स्व॰ बजरंग लाल खेमुका एक मिलनसार व्यक्ति थे जिनके मिलनसार होने के कारण उनके निधन पर शहर में शोक की लहर व्याप्त है।

## संदीप साहू का निधन

**देवरघटा।** ग्राम देवरघटा के प्रतिष्ठित नागरिक संतोष साहू के पुत्र संदीप साहू का गुरुवार 25 जुलाई को निधन हो गाय। वे 27 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि उनके छोटा भाई दीपक साहू ने दी। उनके अंतिम यात्रा में स्वजातीय बंधुओं के अलावा आसपास गांव के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।


## साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
''मिनी रत्न कम्पनी''
(कोल इंडिया लिमिटेड का एक उपक्रम)

एसईसीएल/दीक्षे/भप्र/2024/भू-राजस्व/1515 — **आम सूचना** — दिनांक 17.07.2024

इस प्रकाशन के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एसईसीएल दीपका क्षेत्रांतर्गत दीपका विस्तार परियोजना हेतु ग्राम मलगांव के निम्नलिखित प्रभावित भू-विस्थापित एवं उनके द्वारा नामित आश्रित उम्मीदवार को एसईसीएल में रोजगार उपलब्ध कराने हेतु मुख्यालय बिलासपुर से स्वीकृति बाबत प्रस्ताव प्रेषित किया जाना है। प्रस्ताव में प्रभावित खातेदार/नामित आश्रित द्वारा संलग्न भूमि एवं अन्य व्यक्तिगत दस्तावेजों में भिन्नता पाई गयी है। विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | भूमि दस्तावेज के अनुसार भू-स्वामी का नाम एवं पिता का नाम: पत्रक V व VI के अनुसार | बी1 (2003-04) के अनुसार | पी-II के (2000-2001) के अनुसार | बी1 (2020-21) के अनुसार | पी-II के (2020-21) के अनुसार | मुआवजा प्राप्ति रसीद के अनुसार | नामांतरण पंजी/फौती नामांतरण | खाता नं./अर्जित खसरा नं. | कुल अर्जित भूमि हे.में | एकड़ में | आधार कार्ड, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र के अनुसार रोजगार हेतु नामित व्यक्ति का नाम पिता का नाम एवं जन्मतिथि | आवेदन के साथ प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार रोजगार नामित व्यक्ति का नाम एवं पिता का नाम एवं जन्मतिथि | अन्य (विभिन्न दस्तावेजों में खातेदार का नाम एवं अन्य विसंगति) (आधार कार्ड के अनुसार) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | हिरदे सिंह पिता घांसी सिंह कंवर | हिरदे सिंह पिता घांसी सिंह | हिरदे सिंह पिता घांसी सिंह | हिरदे सिंह पिता घांसी सिंह | हिरदे सिंह पिता घांसी सिंह | कैलाश सिंह, सुरेश सिंह, सुरेश, चंदा एवं सूरज बाई पिता हिरदे सिंह | कैलाश सिंह, सुरेश सिंह, सुरेश, चंदा एवं सूरज बाई पिता हिरदे सिंह | खाता नं.- 213 खसरा नं.- 547/1, 548/1, 549/1, 550/1, 554/1, 555/1, 557/2, 558/13 | 1.453 | 3.59 | 1. आधार कार्ड - कैलाश सिंह पिता हिरदे सिंह 2. निवास प्रमाण पत्र - कैलाश सिंह पिता हिरदे सिंह 3. जाति प्रमाण पत्र - कैलाश सिंह पिता हिरदे सिंह 4. वंशवृक्ष - कैलाश सिंह पिता हिरदे सिंह 5. 10वीं अंक सूची - कैलाश सिंह पिता हिरदे सिंह | कैलाश सिंह पिता हिरदे सिंह जन्मतिथि- 12/04/1989 (10वीं अंक सूची के अनुसार) | कैलाश सिंह पिता हिरदे सिंह |

उपरोक्तानुसार खातेदार का नाम कैलाश सिंह, सुरेश सिंह, सुरेश, चंदा एवं सूरज बाई पिता हिरदे सिंह तथा रोजगार हेतु नामित व्यक्ति का नाम कैलाश सिंह पिता हिरदे सिंह पढ़ा एवं समझा जावे। अतः किसी भी संबंधित व्यक्ति को उक्त व्यक्तियों के पहचान पर कोई आपत्ति हो तो अपना पूरा नाम, हस्ताक्षर, पता एवं मूल दस्तावेजों प्रमाणों के साथ इसकी लिखित शिकायत अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इस सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति अमान्य होगी।

| क्र. | भूमि दस्तावेज के अनुसार भू-स्वामी का नाम एवं पिता का नाम: पत्रक V व VI के अनुसार | बी1 (2000-01) के अनुसार | पी-II के (2000-2001) के अनुसार | बी1 (2020-21) के अनुसार | पी-II के (2020-21) के अनुसार | मुआवजा प्राप्ति रसीद के अनुसार | नामांतरण पंजी/फौती नामांतरण | खाता नं./अर्जित खसरा नं. | कुल अर्जित भूमि हे.में | एकड़ में | आधार कार्ड, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र के अनुसार रोजगार हेतु नामित व्यक्ति का नाम पिता का नाम एवं जन्मतिथि | आवेदन के साथ प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार रोजगार नामित व्यक्ति का नाम एवं पिता का नाम एवं जन्मतिथि | अन्य (विभिन्न दस्तावेजों में खातेदार का नाम एवं अन्य विसंगति) (आधार कार्ड के अनुसार) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | गणेश कुँवर बेवा जीत सिंह कंवर | गणेश कुँवर बेवा जीत सिंह कंवर | गणेश कुँवर बेवा जीत सिंह कंवर | द्वारिका सिंह पिता जीत सिंह, राम सिंह पिता जीत सिंह, कन्हैयालाल पिता जीत सिंह, बहतरीन बाई पिता जीत सिंह, सहेतरीन बाई पिता जीत सिंह, गनपत बाई पिता जीत सिंह, मनीष पिता धनरास, यशवंत पिता धनरास, ना.बा. अनशिका बलि माँ राधा बाई बेवा धनरास पाल सिंह, रामतीला बाई पिता सपुरन, दहराज बाई पिता सपुरन, राधा बाई बेवा धनरास पाल सिंह | द्वारिका सिंह पिता जीत सिंह, राम सिंह पिता जीत सिंह, कन्हैयालाल पिता जीत सिंह, बहतरीन बाई पिता जीत सिंह, सहेतरीन बाई पिता जीत सिंह, गनपत बाई पिता जीत सिंह, मनीष पिता धनरास, यशवंत पिता धनरास, ना.बा. अनशिका बलि माँ राधा बाई बेवा धनरास पाल सिंह, रामतीला बाई पिता सपुरन, दहराज बाई पिता सपुरन, राधा बाई बेवा धनरास पाल सिंह | ज्योति भूषण प्रताप सिंह पिता द्वारिका सिंह | द्वारिका सिंह पिता जीत सिंह, राम सिंह पिता जीत सिंह, कन्हैयालाल पिता जीत सिंह, बहतरीन बाई पिता जीत सिंह, सहेतरीन बाई पिता जीत सिंह, गनपत बाई पिता जीत सिंह, मनीष पिता धनरास, यशवंत पिता धनरास, ना.बा. अनशिका बलि माँ राधा बाई बेवा धनरास पाल सिंह, रामतीला बाई पिता सपुरन, दहराज बाई पिता सपुरन, राधा बाई बेवा धनरास पाल सिंह | खाता नं.- 35 खसरा नं.- 165, 203, 208, 210/2, 251/4, 266/1 | 0.813 | 2.01 | 1. आधार कार्ड - धनश्याम कंवर पिता ज्योति भूषण प्रताप सिंह 2. निवास प्रमाण पत्र - धनश्याम कंवर पिता ज्योति भूषण प्रताप सिंह 3. जाति प्रमाण पत्र - धनश्याम कंवर पिता ज्योति भूषण प्रताप सिंह 4. वंशवृक्ष - धनश्याम कंवर पिता ज्योति भूषण प्रताप सिंह 5. 10वीं अंक सूची - धनश्याम कंवर पिता ज्योति भूषण प्रताप | धनश्याम कंवर पिता ज्योति भूषण प्रताप जन्मतिथि- 14/07/1997 (10वीं अंक सूची के अनुसार) | धनश्याम कंवर पिता ज्योति भूषण प्रताप |

उपरोक्तानुसार खातेदार का नाम द्वारिका सिंह पिता जीत सिंह, राम सिंह पिता जीत सिंह, कन्हैयालाल पिता जीत सिंह, बहतरीन बाई पिता जीत सिंह, सहेतरीन बाई पिता जीत सिंह, गनपत बाई पिता जीत सिंह, मनीष पिता धनरास, यशवंत पिता धनरास, ना.बा. अनशिका बलि माँ राधा बाई बेवा धनरास पाल सिंह, रामतीला बाई पिता सपुरन, दहराज बाई पिता सपुरन, राधा बाई बेवा धनरास पाल सिंह तथा रोजगार हेतु नामित व्यक्ति का नाम **धनश्याम कंवर पिता ज्योति भूषण प्रताप** पढ़ा एवं समझा जावे। अतः किसी भी संबन्धित व्यक्ति को उक्त व्यक्तियों के पहचान पर कोई आपत्ति हो तो अपना पूरा नाम, हस्ताक्षर, पता एवं मूल दस्तावेजों प्रमाणों के साथ इसकी लिखित शिकायत अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इस सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति अमान्य होगी।

SECL:24-25:123

**महाप्रबंधक, एसईसीएल, दीपका क्षेत्र**



**न्यायालय तहसीलदार कोरबा**
**जिला- कोरबा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र. 202405050400027
अ-21/2023-24
ग्राम- रिसदा, प.ह.नं.-14

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमिस्वामी/आवेदिका श्रीमती मीरादेवी उम्र-लगभग 72 वर्ष पति श्री अनिल बाजपेयी जाति-ब्राम्हण (गैर आदिवासी) निवासी-मकान नं. 08 गांजागली, तुलसीमार्ग वार्ड क्र.07 टाउन कॉलोनी कोरबा तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम-रिसदा, प.ह.नं.-14, रानिमं.-पाढ़ीमार, तहसील-कोरबा स्थित परिवर्तित भूमि ख.नं. 434/1 रकबा 0.2230 हे. में से 0.0240 हे. भूमि को प्रस्तावित क्रेता-श्री अमरेश कुमार पाण्डेय उम्र-61 वर्ष पिता श्री महेश्वर दयाल पाण्डेय निवासी-हाउस नंबर 321-323/2ए, सेक्टर-4 589, बालको नगर कोरबा के पास कोरबा तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) के पास बिक्री करने की अनुमति चाहा है। जिसके लिए इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 8.08.2024 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

सील — तहसीलदार कोरबा (छ.ग.)



**न्यायालय तहसीलदार कोरबा**
**जिला- कोरबा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र. 202405050400005
अ-21/2023-24
ग्राम- रिसदा, प.ह.नं.-14

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमिस्वामी/आवेदिका श्रीमती मीरादेवी बाजपेयी उम्र-लगभग 72 वर्ष पति श्री अनिल बाजपेयी जाति-ब्राम्हण (गैर आदिवासी) निवासी-मकान नं. 08 गांजागली, तुलसीमार्ग वार्ड क्र.07 टाउन कॉलोनी कोरबा तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम-रिसदा, प.ह.नं.-14, रानिमं.-पाढ़ीमार, तहसील-कोरबा स्थित परिवर्तित भूमि ख.नं. 434/1 रकबा 0.2230 हे. में से 0.020 हे. भूमि को प्रस्तावित क्रेता-श्रीमती रंजना सिंह उम्र-48 वर्ष पति अनिल कुमार सिंह निवासी-हाउस नंबर 373, सेक्टर-3/बी, बालको नगर वार्ड क्र. 29 कोरबा के पास कोरबा तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) के पास बिक्री करने की अनुमति चाहा है। जिसके लिए इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 8.08.2024 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

सील — तहसीलदार कोरबा (छ.ग.)



**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)**
मुख्य कार्यालय - साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)
टी.पी.नगर, कोसाबाड़ी, सर्वमंगला नगर

फा.क्र./8832/8828/8811/ निर्माण /2024/ — कोरबा, दिनांक 24.07.2024

**निविदा आमंत्रण की सूचना**

लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु मैन्युल निविदा वेबसाईड से डाउनलोड कर मुहरबंद लिफाफा में निविदा आमंत्रित की जाती है :-

1. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि - 08.08.2024 सायंकाल 3:00 बजे तक
2. निविदा खुलने की अंतिम तिथि -08.08.2024 सायंकाल 4:30 बजे तक

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि रू. में |
|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड क्र. 03 अंतर्गत राताखार में सतनाम भवन में अतिरिक्त विकास कार्य। (महापौर मद 2023-24) द्वितीय निविदा | 10,00,000/- | 7,500/- |
| 2. | वार्ड क्र. 20, 21 काशीनगर बुधवारी के पास सामुदायिक भवन में अन्य सुविधाओं का विस्तार (महापौर मद-2023-24) द्वितीय निविदा | 10,00,000/- | 7,500/- |
| 3. | वार्ड क्र.56 डगनिया मुड़ाभांठा में सामुदायिक भवन का विकास कार्य (महापौर मद 2023-24) तृतीय निविदा | 5,00,000/- | 5,000/- |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागी वेबसाइट website:www.korbamunicipal.in एवं www.uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

//स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें//

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)



**न्यायालय तहसीलदार कोरबा**
**जिला- कोरबा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र. 202405050400023
अ-21/2023-24
ग्राम- रिसदा, प.ह.नं.-14

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमिस्वामी/आवेदिका श्रीमती मीरादेवी उम्र-लगभग 72 वर्ष पति श्री अनिल बाजपेयी जाति-ब्राम्हण (गैर आदिवासी) निवासी-मकान नं. 08 गांजागली, तुलसीमार्ग वार्ड क्र.07 टाउन कॉलोनी कोरबा तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम-रिसदा, प.ह.नं.-14, रानिमं.-पाढ़ीमार, तहसील-कोरबा स्थित परिवर्तित भूमि ख.नं. 434/1 रकबा 0.2230 हे. में से 0.0160 हे. भूमि को प्रस्तावित क्रेता-श्री दशरथ लाल देवांगन उम्र-63 वर्ष पिता श्री नेतराम देवांगन निवासी-हाउस नंबर 589, सेक्टर-3 वार्ड नंबर 29 बालको नगर कोरबा के पास कोरबा तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) के पास बिक्री करने की अनुमति चाहा है। जिसके लिए इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 8.08.2024 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

सील — तहसीलदार कोरबा (छ.ग.)



**न्यायालय तहसीलदार चाम्पा**
**जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

क./वा/तह/2024 /2402, चाम्पा
दिनांक25/07/24

**// ईश्तहार//**

कार्यालय नगरपालिका परिषद् चांपा जिला जांजगीर चांपा छ.ग. द्वारा नगरपालिका परिषद् चांपा क्षेत्रान्तर्गत वार्ड नं. 16 प्रकाश इण्डस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड कोटाडबरी चांपा गेट के सामने स्थित भूमि पर मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजनान्तर्गत 33 दुकानो का निर्माण नगरपालिका परिषद् चांपा के द्वारा कराया गया है, उक्त भूमि के संबंध में न्यायालय तहसील कार्यालय तहसील चांपा जिला जांजगीर चांपा छ.ग. के ज्ञापन कमांक / 874/वा./तह./2023 चांपा दिनांक 01.06.2023 के द्वारा भूमि खसरा नं. 1369/1/क रकबा 108.4650 हैं. घास भूमि की रकथा, नक्शा प्रदाय किया गया है।

उक्त भूमि का भू-बंटन किये जाने समस्त औपचारिकताओ को पूर्ण करते हुए राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड-4 कमांक 1 कंडिका 25 एंव 26 का पालन करते हुए एंव संशोधित चेक लिस्ट बिन्दु अनुसार प्रतिवेदनमय मूल प्रकरण तैयार किये जाने प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति,संस्था को दावा,आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 16/08/24 को समय 11 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा,आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 25/07/24 को न्यायालय के सील एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार चांपा

## अनमोल वचन......

बहते अश्कों की ज़ुबान नहीं होती लफ़्ज़ों में मोहब्बत बयां नहीं होती
मिले जो प्यार तो कदर करना किस्मत हर किसी पर मेहरबान नहीं होती

# मनु भाकर ने सूखे को खत्म किया

मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतकर पिछले दो ओलंपिक खेलों से निशानेबाजी में चले आ रहे सूखे को खत्म कर दिया है। मनु भाकर ओलंपिक निशानेबाजी में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला हैं। इससे पहले भारत ने निशानेबाजी में चार पदक जीते हैं और यह पदक जीतने वाले सभी चारों निशानेबाज पुरुष हैं। मनु भाकर ने ओलंपिक खेलों की शुरुआत में ही पदक पर निशाना साधकर इन खेलों में भाग ले रहे शूटरों का ही नहीं बल्कि पूरे भारतीय दल की बॉडी लेंग्वेज बदल दी है। इससे अन्य खिलाड़ियों को अपना बेस्ट देने की प्रेरणा मिलेगी, जिससे भारत अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल हो सकता है।

यह मनु की सफलता का ही प्रभाव था कि रमिता झिंदल ने 10 मीटर एयर राइफल के फाइनल में स्थान बनाया। हालांकि वह फाइनल में पहुंचकर भी पदक नहीं पा सकीं और उन्हें सातवें स्थान से ही संतोष करना पड़ा। हम सभी जानते हैं कि भारतीय निशानेबाज यदि तीन चार पदकों पर निशाना साधने में सफल हो जाएं तो भारतीय पदकों की संख्या दो अंकों में पहुंच सकती है। भाकर 2021 में हुए टोक्यो ओलंपिक में पिस्टल खराब हो जाने की वजह से अपना बेस्ट नहीं दे सकीं थीं।

इसके बाद उनके कोच जसपाल राणा से संबंध खत्म हो गए थे, लेकिन जसपाल ने अलग होने के बाद उनके प्रदर्शन में गिरावट आती गई। वह तो खुदा का शुक्र है कि उन्हें सही समय पर जसपाल राणा से फिर से जुड़ने की जरूरत महसूस हुई। मनु ने पदक जीतने के बाद कहा कि एक बार पदक पक्का हो जाने पर खुशी हुई। पर आगे नहीं बढ़ पाने का अफसोस है। वह कहती हैं कि अगली स्पर्धा में पदक का रंग पीला यानी गोल्ड करने का प्रयास करूंगी। वह अपना ध्यान केंद्रित रखने के लिए गीता का पाठ करती हैं, जिसमें कहा गया है कि खुद के कर्म पर भरोसा रखो। यह बात भारतीय दल के सभी सदस्यों पर लागू होती है। भारत इस समय निशानेबाजी के अलावा बैडमिंटन, टेबल टेनिस, हॉकी, बॉक्सिंग आदि में अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और एथलेटिक्स और कुश्ती शुरू होने पर भारत की पदक संभावनाएं और बढ़ेंगी। बहुत संभव है कि हम इस बार दर्जन भर पदकों तक पहुंच जाएं। पर हमें यहीं संतुष्ट होकर नहीं बैठना चाहिए क्योंकि अभी हम आबादी के हिसाब से विश्व स्तर से काफी पीछे हैं।

## राशिफल

मेष राशिः आज आपका सोचा हुआ काम पूरे होगा। परिवार के लोगों से आपको सहयोग मिलेगा। आपको माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आज आप कोई नया काम शुरू करने की योजना बनाएंगे, आगे चलकर इससे आपको फायदा होगा। इस राशि के छात्रों के सफलता का स्तर अन्य लोगों की तुलना में ज्यादा रहेगा। अचानक किसी स्रोत से आपको धन लाभ होगा। आज अधिकारी वर्ग आपसे प्रसन्न रहेंगे।

वृष राशिः आज इनकम में बढ़ोतरी के लिए किसी की मदद मिल सकती है। आपको किस्मत का साथ मिलेगा। जीवनसाथी किसी काम के लिए आपकी तारीफ कर सकते हैं, इससे आपका मन खुश रहेगा। शाम को किसी दूर के रिश्तेदार से फ़ोन पर बात हो सकती है। काम को लेकर आपकी कई योजनाएं आज समय से पूरी हो जायेंगी। आपको कोई बड़ी सफलता मिलने का योग बना हुआ है। आज घर के सदस्यों में आपसी सौहार्द बेहतर बनेगा।

मिथुन राशिः आज आप अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाने में सफल होंगे। आपकी फिटनेस बनी रहेगी। आप जीवनसाथी की किसी काम में मदद करेंगे। जीवन में आगे बढ़ने के नए रास्ते अपने आप खुलते जाएंगे। कारोबारियों के लिए धन लाभ के योग बने हुए हैं। आपका कोई नया कार्य प्रारंभ करने का मन बनेगा।

कर्क राशिः आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आर्थिक उतार-चढ़ाव की स्थितियां देखने को मिलेगी। व्यापार की गति सामान्य बनी रहेगी। आज माता-पिता के साथ रिश्ते और बेहतर होंगे। विद्यार्थियों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है। आज किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने का मान बनाएंगे। लवमेट आज लंच करने किसी अच्छे रेस्टोरेंट में जाएंगे।

सिंह राशिः आज आपका दिन सामान्य रहेगा। घर में भाई-बहन की मदद से आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। करियर में आपको सफलता मिलेगी। आज आपको अपने काम को टालने से बचना चाहिए। परिवार के सुख-सौभाग्य में बढ़ोतरी होगी। जीवनसाथी के साथ ज्यादा समय बिताने की कोशिश करेंगे। आज आपके सहकर्मी किसी कार्य को पूरा करने के लिए आपसे फोन पर राय लेंगे। आज आप कोई प्रॉपर्टी लेने का मन बनाएंगे।

कन्या राशिः आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आर्थिक लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। कोई मित्र आपसे सहयोग के लिए कह सकता है। परिवार में सभी सदस्यों के साथ आपसी सामंजस्य बना रहेगा। आप जिस किसी काम को करने का प्रयास करेंगे, उस काम में आपको अच्छी कामयाबी मिलेगी। दांपत्य जीवन में नयी-नयी खुशियां आयेगी। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

तुला राशिः आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। माता-पिता का स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। पुरानी बातों के झंझट में पड़ने से आज आपको बचना चाहिए। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करने से कुछ लोग आपका विरोध कर सकते हैं। प्रभावशाली लोगों से फोन पर बात होने की संभावना है। निवेश के मामले में आपको कोई नई सलाह मिलेगी। परिवारवालों के साथ मिलकर किये गए कामों में आपको बहुत हद तक सफलता मिलेगी।

वृश्चिक राशिः आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज आपको मानसिक उलझनों से मुक्ति मिलेगी, जिससे काफी राहत महसूस करेंगे। परिवारजनों के साथ खुशियों के पल बितायेंगे। दांपत्य रिश्ते में मजबूती आयेगी। आज कोई नई बात आपको सीखने को मिलेगी। आज आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। इस राशि के साहित्य से जुड़े लोगों को आज कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। करियर में नए आयाम स्थापित करेंगे।

धनु राशिः आज आपका दिन खुशी से भरा रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में आपका मन लगेगा। इस राशि के राजनीति से जुड़े लोगों को सफलता मिलेगी। आज आप घरेलू काम को निपटाने में सफल रहेंगे। सही योजना के तहत अपने करियर में बदलाव लायेंगे। सेहत के मामले में आप खुद को फीट महसूस करेंगे। जीवनसाथी के साथ पारिवारिक जिम्मेदारियों को पूरा करने का प्लान बनाएंगे।

मकर राशिः आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आपके रिश्तों में मिठास बढ़ेगी। आज आप अपना काम समय से पूरा कर लेंगे। अगर कोई नया काम शुरू करना चाहते हैं तो फिलहाल कुछ दिनों के लिए रुक जाना अच्छा रहेगा। परिवार के मामले में कोई बड़ा फैसला लेने से पहले सबकी बात आपको जरूर सुनना चाहिए। कुछ चीज़ों में आपको लोगों से उलझने से बचना चाहिए।

कुंभ राशिः आज आपको कोई अच्छी खबर मिलेगी, जिससे पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा। लम्बे समय से चल रहा किसी कोर्ट-कचहरी के मामले को निपटने के लिए किसी ख़ास दोस्त से फोन पर राय लेंगे। आपके मान-सम्मान में बढ़ोतरी होगी। कारोबार में तरक्की के योग बन रहे है। सामाजिक क्षेत्र में आपकी सराहना होगी।

मीन राशिः आज आपके व्यक्तित्व में निखार आयेगा। अध्यात्म के प्रति लगाव बढ़ेगा। आज आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज ननिहाल पक्ष से खुशखबरी मिलेगी। आप लोगों को अपनी बातें समझाने में सफल होंगे। आज बात करते समय अपनी भाषा पर ध्यान दें, नहीं तो किसी से कहा-सुनी हो सकती है।

# फर्जी प्रमाणपत्र दिखाकर मलाई खाने का खेल खूब चल रहा

//डॉ. आर.के. सिन्हा//

**लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने 21 अप्रैल, 1947 को राजधानी के मेटकॉफ हाउस में आजाद होने जा रहे भारत के पहले बैच के आईसीएस जो 1948 से आईपीएस कहलाए; ऐसे सभी अफसरों को संबोधित करते हुए कहा था कि 'उन्हें स्वतंत्र भारत में जनता के सवालों को लेकर गंभीरता और सहानुभूति का भाव रखना होगा। उन्हें अपने दायित्वों का निर्वाह ईमानदारी से करना होगा।' सरदार पटेल ने उन्हें स्वराज और सुराज का अंतर भी समझाया था। जाहरि है, उनका ईमानदारी से आशय यही रहा होगा कि वे अपने जीवन के हर क्षेत्र में शुचिता और तटस्थता का पालन करेंगे। पर हाल में आईएएस प्रोबेशनर, पूजा खेडकर मामले को गहराई से देखने से समझ आ रहा है कि कुछ शातिर तत्व आईएएस या अन्य सरकारी नौकरियों को पाने के लिए फर्जी प्रमाणपत्र भी सौंपते हैं। उनके लिए ईमानदारी का कोई मतलब नहीं है। उन्हें सरदार पटले की सीख से भी कोई लेना-देना नहीं।**

पूजा खेडकर मसूरी के लाल बहादुर शास्त्री राष्टीय प्रशासन अकादमी में प्रशिक्षण ले रही थीं। उन्हें महाराष्ट्र-उनके अपने राज्य कैडर-में जिला प्रशिक्षण के लिए भेजा गया था। उन्हें एहसास नहीं था कि आईएएस अफसर बनने का मतलब जन सेवा होता है। इसके बजाय, उसने इस पद को हासिल करने के बाद अपनी झूठी शान दिखानी शुरू कर दी। उसने कार, सुसज्जित कार्यालय और कर्मचारियों जैसी कई सुविधाओं की मांग की। चूंकि प्रोबेशनर्स इन लाभ के हकदार नहीं होते हैं, इसलिए उन्हें कोई भी लाभ नहीं दिया गया। इसलिए, उसने अपनी दैनिक जरूरतों के लिए एक लग्जरी कार 'किराए पर' ली।

इससे भी बुरा यह है कि उन्होंने कार की छत पर नीली बीकन लाइट भी लगाई। पूजा का चयन दो विशेष श्रेणियों के तहत किया गया था। एक, वह ओबीसी के गैर-क्रीमी वर्ग से संबंधित हैं। यह स्वयं ही संदिग्ध है, यह देखते हुए कि उनके पिता एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी थे। फिर वह गैर-क्रीमी लेयर में कैसे चुनी गई। उनके परिवार के पास पर्याप्त जमीन है जो निश्चित रूप से उन्हें एक अलग आर्थिक श्रेणी में रखेगी। पूजा ने यह भी दावा किया था कि उसकी एक अलग तरह की शारीरिक स्थिति है, जो उसे विकलांग कोटे के तहत आरक्षित सीट के लिए हकदार बनाती है। यूपीएससी और कार्मिक विभाग द्वारा विकलांगता के संबंध में कुछ तय दिशा-निर्देशों का पालन करते है।

एक व्यक्ति जिसे एक आंख में दृष्टि नहीं होती है, उसे 'विकलांग' नहीं माना जाता है, यदि दूसरी आंख हर तरह से ठीक है। मैंने इसके बारे में तब जाना जब मेरे एक मित्र के पुत्र ने सिविल सेवा परीक्षा दी।। बचपन में, उसके एक भाई ने उसकी दाहिनी आंख में कंपास (नुकीली चीज) डाल दी थी, जिससे वह आंशिक रूप से अंधा हो गया था। वह विकलांग कोटे के तहत आरक्षण के लिए योग्य नहीं होता, अगर उसकी दूसरी आंख सही होती। उसकी 'सामान्य' आंख में आंशिक अंधापन था। कुल मिलाकर अगर पूजा ने नखरे नहीं दिखाए होते, तो वह सेवा में बनी रहती। इससे कांड के बाद यूपीएससी की कार्यप्रणाली भी अच्छी रोशनी में नहीं दिखता है। इस बीच, तेलंगाना में एक आईएएस अधिकारी के बारे में भी रिपोर्ट आई हैं, जो कुछ विकलांगताओं के आधार पर सेवा में शामिल हुए। उदाहरण के लिए, उन्हें कथित तौर पर पोलियो का हमला हुआ है, लेकिन घोड़े की सवारी और साइकिल चलाते हुए उनके वीडियो यह तो नहीं बताते कि वे कभी पोलियो के शिकार थे। इससे यह सवाल उठता है कि क्या सिविल सेवाओं में विकलांग श्रेणियों के तहत रिक्तियों को भरने में मानदंडों का सख्ती से पालन किया जाता है। लगता तो यही है कि इस मामले में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है और पिछले दस-पंद्रह साल में विकलांगता के आधार पर चुने गए ऐसे सभी मामलों को जांच के दायरे में लाने की आवश्यकता है।

आईएएस, जिसे अक्सर 'भारत के इस्पात फ्रेम' के रूप में जाना जाता है, यह उपाधि सरदार वल्लभभाई पटेल, 'भारत के लौह पुरु ष' से प्राप्त करता है। उन्होंने नव स्वतंत्र भारत की एकता और स्थिरता बनाए रखने में सिविल सेवाओं की महत्त्वपूर्ण भूमिका पर जोर देने के लिए इस शब्द का इस्तेमाल किया था। आईएएस राष्ट्र के प्रभावी शासन के लिए आवश्यक, सबसे प्रतिष्ठित सेवाओं में से एक है। यदि देश की जनता के दिल में आईएएस पदाधिकारियों के प्रति स्वाभाविक रूप से सम्मान और आदर का भाव नहीं रह जाएगा, तो कोई भी आईएएस प्रशासन कर ही नहीं पाएगा।

आईएएस अधिकारियों से अपनी भूमिकाओं में निष्पक्षता और अखंडता का प्रदर्शन करने की अपेक्षा की जाती है। उनके फैसले लाखों लोगों के जीवन और देश की समग्र स्थिरता को प्रभावित करते हैं। निष्पक्षता बनाए रखकर और कानून के शासन का पालन करके, आईएएस अधिकारी यह सुनिश्चित करने में मदद करते हैं कि सरकार की नीतियां और कार्यक्रम निष्पक्ष रूप से और प्रभावी ढंग से लागू किए जा रहे हैं। भर्ती प्रक्रिया से समझौता पक्षपात ला सकता है और कानून के शासन को कमजोर कर सकता है, जिससे अस्थिरता और जनता का विश्वास कम हो सकता है। पूजा खेड़कर का मामला इस बात की गवाही है कि हमारे देश में फर्जी प्रमाणपत्र दिखाकर मलाई खाने का खेल खूब चल रहा है, जिसे बंद किए जाने की आवश्यकता है।

# प्रधानमंत्री की ऑस्ट्रिया यात्रा

//अजय दीक्षित//

**लगभग 40-45 साल बाद कोई भारतीय प्रधानमंत्री ऑस्ट्रिया की यात्रा पर गया है । बहुत पहले इन्दिरा गांधी वहां गई थीं । ऑस्ट्रिया, जर्मनी और स्विटजरलैण्ड के बीच एक छोटा सा देश है । असल में रूस की यात्रा के तत्काल बाद मोदी जी का ऑस्ट्रिया यात्रा कई माइने रखता है । रूस और यूक्रेन युद्ध में ऑस्ट्रिया यूक्रेन के साथ है । भारत का रूस से घनिष्ठ सम्बन्ध नेहरू जी के काल से चला आ रहा है । नेहरू, टीटो और नासिर ने गुट-निरपेक्ष आन्दोलन चलाया था । मोदी जी के 10 साल में विश्व में भारत की छवि और भी ज्यादा तीव्र हो गई है । अतः बहुत से देश चाहते हैं कि वे वर्तमान यूक्रेन और रूस के युद्ध को रोकने में हस्तक्षेप करें । यह इसलिए भी कि भारत बुद्ध का देश है ।**

ऑस्ट्रिया में मोदी जी ने कहा भी है कि भारत युद्ध नहीं बुद्ध का देश है । रूस से भारत के अच्छे संबंध होने के कारण रूस भारत को पेट्रोल सस्ते में सप्लाई कर रहा है । रूस से अपने संबंधों की गहराई को देखते हुए मोदी जी सधे शब्दों में रूस-यूक्रेन युद्ध पर बोलते हैं । संयुक्त राष्ट्र संघ में यूक्रेन को लेकर कोई भी प्रस्ताव रूस के खिलाफ आता है तो भारत वोट नहीं डालता । ऐवस्टेन करता है। अपनी वर्तमान ऑस्ट्रिया यात्रा में मोदी जी वहां के राष्टपति व चांसलर से भी मिल चुके हैं । ऊर्जा, नवाचार और द्विपक्षीय सहयोग पर दोनों देशों का संयुक्त घोषणा पत्र भी आया है । पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देशों ने आने वाले दशक के लिए सहयोग का खाका तैयार किया है । यह केवल आर्थिक सहयोग तक ही सीमित नहीं है । ढांचागत विकास हाइड्रोजन, अपशिष्ट प्रबंधन आदि भी शामिल हैं । संयुक्त वार्ता को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, भारत और ऑस्ट्रिया, आतंकवाद की कठोर निंदा करते हैं। हम सहमत है कि इसे किसी भी रूप में स्वीकार नहीं किया जायेगा। आतंकवाद किसी भी तरह से न्यायसंगत नहीं हो सकता। हम संयुक्त राष्ट्र संघ और अन्य अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओं में बदलाव के लिए सहमत हैं, ताकि उन्हें मजबूत बनाया जाये। मैंने और चांसलर नेहमर ने विश्व में चल रहे विवादों, चाहे यूक्रेन में संघर्ष हो या पश्चिम एशिया की स्थिति हो, सभी पर हमने विस्तार से बात की। मैंने पहले भी कहा है कि यह युद्ध का समय नहीं है। समस्याओं का समाधान रणभूमि में नहीं हो सकता । कहीं भी हो, मासूम बच्चों की मौत स्वीकार्य नहीं है। हम शांति और स्थिरता को जल्द से जल्द बहाली के लिए वार्ता और कूटनीति पर जोर देते हैं। इसके लिए हम दोनों मिलकर हर संभव सहयोग देने के लिए तैयार हैं ।

पीएम मोदी ने आगे कहा, मुझे खुशी है कि मेरे तीसरे कार्यकाल की शुरुआत में ही मुझे ऑस्ट्रिया आने का मौका मिला। मेरी यह यात्रा ऐतिहासिक और विशेष है। 41 वर्ष के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री का ऑस्ट्रिया का दौरा है। यह भी सुखद संयोग है कि यह यात्रा उस समय हो रही है, जब हमारे आपसी सन्बन्धों के 75 वर्ष पूरे हुये हैं। लोकतंत्र और कानून के शासन जैसे मूल्यों में आपसी विश्वास हमारे सम्बन्धों की नींव हैं । आपसी विश्वास से हमारे रिश्तों को बल मिलता है। आज मेरे और चांसलर नेहमर के बीच बहुत सार्थक बातचीत हुई। हमने आपसी सहयोग को और मजबूत करने के लिए नई संभावनाओं की पहचान की है। हमने फैसला लिया कि सम्बन्धों को रणनीतिक दिशा प्रदान की जायेगी । भारत के सहयोग से चल यदि यूक्रेन-रूस युद्ध रुक जाता है और दोनों देश वार्ता के लिए तैयार हो जाते हैं, तो यह भारत की बड़ी जीत होगी और वह विश्व गुरु के कहलाने की पूर्ण योग्यता रखेगा । अभी विश्व तीसरी विश्व युद्ध के मुहाने पर खड़ा है क्योंकि इजराइल और हमास का युद्ध भी विश्व शांति के लिए खतरा बन चुका है। हम सभी को प्रभु राम का स्मरण करके इन विश्व खतरों को रोकना है । यही विश्व के लिए आज की वरीयता है ।

# आरक्षण भारतीय राजनीति की धुरी

//डॉ. आशुतोष कुमार//

**बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने जब भारतीय संविधान में आरक्षण के प्रावधान को शामिल किया था, तब उन्होंने सोचा भी नहीं होगा कि आरक्षण एक समय भारतीय राजनीति की धुरी बनकर राजनेताओं के लिए एक ऐसा अमोघ मंत्र बन जाएगा, जिसका इस्तेमाल किसी के कल्याण के लिए कम और किसी को परास्त करने के लिए ज्यादा किया जाएगा। आज आरक्षण के पीछे किसी पिछड़े या वंचित समाज के कल्याण की भावना कम और राजनीतिक स्वार्थ अधिक दिखती है। सही मायने में आज आरक्षण राजनीति का झुनझुना बन गया है, जिसे चुनाव जैसे विशेष मौकों पर जनता को रिझाने के लिए बजाया जाता है।**

बहरहाल, आरक्षण एक बार फिर चर्चा में है। आरक्षण को लेकर चर्चा के केंद्र बिंदु में है कर्नाटक। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने निजी क्षेत्र की नौकरियों में कन्नड़ लोगों के लिए 100 प्रतिशत आरक्षण को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पहले एक पोस्ट की थी, जिसे बाद में उन्होंने हटा लिया था। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट किया था, जिसमें कहा गया है कि कैबिनेट ने कर्नाटक में निजी उद्योगों और अन्य संगठनों में प्रशासनिक पदों के लिए 50 प्रतिशत और गैर-प्रशासनिक पदों के लिए 75 प्रतिशत आरक्षण तय करने वाले विधेयक को मंजूरी दी। सिद्धारमैया ने पोस्ट में कहा था, 'हमारी सरकार की इच्छा है कि कन्नड़ लोगों को अपनी जमीन पर आरामदायक जीवन जीने का अवसर दिया जाए हम कन्नड़ समर्थक सरकार हैं। हमारी प्राथमिकता कन्नड़ लोगों के कल्याण का ध्यान रखना है। उन्हें कन्नड़ भूमि में नौकरियों से वंचित होने से बचाया जाए। हम कन्नड़ समर्थक सरकार हैं। हमारी प्राथमिकता कन्नडिगास के कल्याण की देखभाल करना है। जब उनके इस पोस्ट पर इस पर हर तरफ छीछालेदर होने लगा। विरोध में प्रतिक्रियाएं आने लगीं, तो दो दिन बाद उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' प्लेटफॉर्म पर से पिछली पोस्ट हो हटाकर उसमें बदलाव कर दिया। कर्नाटक सरकार ने फिलहाल इस पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही कहा जा रहा है कि कर्नाटक सरकार इस बिल पर पुनर्विचार करेगी, लेकिन यहां मौजू सवाल यह है कि आखिर इसकी जरूरत ही क्यों पड़ी। इसके पीछे सरकार की मंशा क्या है। कहीं आरक्षण की आड़ में देश के संघीय ढांचे को ध्वस्त करने की कोशिश तो नहीं की जा रही। अगर नहीं, तो अपनी स्वार्थ सिद्धि के लिए देश की एकजुटता और अखंडता पर प्रहार क्यों किया जा रहा है। आमतौर पर इस तरह की कोशिश क्षेत्रीय दल की सरकार में की जाती है, क्योंकि क्षेत्रीय दल अपने को उस राज्य के प्रति ज्यादा उत्तरदायी समझते हैं, जहां उनकी सरकार होती है। हालांकि इस तरह की सोच भी देश के संघीय ढांचे के लिए खतरनाक है। फिलवक्त कर्नाटक में तो कांग्रेस की सरकार है, फिर सिद्धारमैया सरकार ने ऐसी संकीर्ण मानसिकता क्यों दिखाई। जाहिर तौर पर इससे राष्टीय स्तर पर कांग्रेस को नुकसान उठाना पड़ेगा, लेकिन यहां चिंता का विषय कांग्रेस का नुकसान नहीं, अपितु राष्ट्र का और देश के संघीय ढांचे के नुकसान को लेकर है। अगर सभी राज्य सरकारें अपनी मर्जी की मालिक हो जाएंगी, तब तो देश का स्वरूप ही बिखर जाएगा। देश है, देश का एक स्वरूप है, उसकी अस्मिता है, तभी आरक्षण है। यह कहना गलत न होगा कि भारत में आरक्षण की व्यवस्था सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों को समृद्ध बनाने के लिए हुई थी, मगर समय के साथ आरक्षण वोट बैंक की राजनीति का शिकार बनती चली गई और अब तो स्थिति इतनी बिगड़ गई है कि आरक्षण की आंच देश की संघीय व्यवस्था पर भी आने लगी है। किसी राज्य में आरक्षण का दायरा बढ़ाने के लिए देश के स्वरूप और उसके संघीय ढांचे को ध्वस्त नहीं किया जा सकता। यह सहज ही समझा जा सकता है कि जब सभी राज्य सिर्फ अपने प्रदेश के लोगों को नौकरी देने लगेंगे। वहां के प्राइवेट सेक्टर में सिर्फ उसी राज्य के लोगों को रखा जाने लगेगा, तब भारत एक संघ रह जाएगा क्या। इसलिए राजनीतिक दलों और राज्य की सरकारों को यह जरूर सोचना होगा कि वे अपने प्रदेश के विकास की बात जरूर सोचें, प्रयास जरूर करें कि प्रदेश के लोगों को अपने ही राज्य में रोजी-रोजगार मिले, किंतु इसका भी ख्याल रखें कि देश की समावेशी संस्कृति को नुकसान न पहुंचे।भारतीय संविधान के भाग तीन में समानता के अधिकार की भावना निहित है। इसके अंतर्गत अनुच्छेद 15 में प्रावधान है कि किसी व्यक्ति के साथ जाति, प्रजाति, लिंग, धर्म या जन्म के स्थान पर भेदभाव नहीं किया जाएगा। अनुच्छेद 15(4) के मुताबिक यदि राज्य को लगता है तो वह सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े या अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के लिए विशेष प्रावधान कर सकता है। वहीं, अनुच्छेद 16 में अवसरों की समानता की बात कही गई है। अनुच्छेद 16(4) के मुताबिक यदि राज्य को लगता है कि सरकारी सेवाओं में पिछड़े वगरे को पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं है तो वह उनके लिए पदों को आरक्षित कर सकता है। वहीं, अनुच्छेद 16(4 ए) के अनुसार, राज्य सरकारें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के पक्ष में पदोन्नति के मामलों में आरक्षण के लिए कोई भी प्रावधान कर सकती हैं, यदि राज्य की राय में राज्य के अधीन सेवाओं में उनका पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं है, लेकिन इन सबके पीछे संविधान ऐसा कुछ करने की इजाजत नहीं देता जिससे देश की अस्मिता, एकता और अखंडता पर खतरा उत्पन्न हो। सबसे पहले विलियम हंटर और ज्योतिराव फुले ने 1882 में मूलतः जाति-आधारित आरक्षण पण्राली का विचार प्रस्तुत किया था। आज जो आरक्षण पण्राली लागू है, वह सही मायने में 1933 में लागू की गई थी, जब ब्रिटिश प्रधानमंत्री रामसे मैकडोनाल्ड ने 'कम्युनल अवार्ड' प्रस्तुत किया था। इस निर्णय में मुसलमानों, सिखों, भारतीय ईसाइयों, एंग्लो-इंडियन, यूरोपीय लोगों और दलितों के लिए पृथक निर्वाचिका का प्रावधान किया गया ।

## तस्वीरों की दुनिया



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, आप नेता संजय सिंह, गोपाल राय और एनसीपी के अध्यक्ष शरद पवार नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर केजरीवाल की गिरफ्तारी और बिगड़ते स्वास्थ्य के खिलाफ इंडिया ब्लॉक विरोध प्रदर्शन के दौरान।


भारत के मनु भाकर और सरबजोत सिंह फ्रांस के चेटौरॉक्स में 2024 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने के बाद जश्न मनाते हुए।


हिमाचल प्रदेश कांग्रेस पार्टी की अध्यक्ष प्रतिभा वीरभद्र सिंह ने नई दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की।


झारखंड के देवघर में पवित्र श्रावण मास के दौरान बाबा बदियानाथ धाम में भक्तों की भीड़ उमड़ी।


झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन का रांची स्थित राजभवन में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ने स्वागत किया।


उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ के विधान भवन में यूपी विधानसभा के मानसून सत्र में भाग लेने पहुंचे।

# वायनाड भूस्खलन में 123 लोगों की मौत, 4 गांव पूरी तरह से तबाह, कीचड़ में मिल रहे लोगों के अंग

**वायनाड, 31 जुलाई [एजेंसी]।**

केरल के वायनाड में मंगलवार को भारी बारिश के कारण अल सवेरे बड़े पैमाने पर हुए भूस्खलन में चार गांव पूरी तरह तबाह हो गए। कम से कम 123 लोगों की मौत हो गई जबकि सैकड़ों लोग जख्मी हुए हैं। अभी भी काफी संख्या में लोगों के मलबे में फंसे होने का अंदेशा हैं। सेना व बचाव दल युद्ध स्तर पर राहत एवं बचाव कार्य में जुटे हैं। इस प्राकृतिक आपदा की विभीषिका का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बचावकर्मियों को नदियों और कीचड़ से लोगों के क्षत-विक्षत अंग मिल रहे हैं। त्रासदी में मारे गए लोगों की सही संख्या का पता लगाना अभी बड़ा मुश्किल है। प्राकृतिक सौंदर्य को समेटे रहने वाले इस पहाड़ी क्षेत्र में अब चारों तरफ दिख रहा है तो सिर्फ और सिर्फ बर्बादी का मंजर। इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने केरल के सीएम पीः विजयन से बात की और हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। भूस्खलन प्रभावित इलाकों में वायनाड के मुंडक्कई, चूरलमाला, अट्टमाला और नूलपुझा गांव शामिल हैं।



मंगलवार की अल सुबह पहाड़ी दरकने की घटनाएं उस समय हुई जबकि लोग गहरी नींद में थे। पहला भूस्खलन देर रात करीब दो बजे हुआ और उसके बाद तड़के साढ़े चार बजे अगला भूस्खलन हुआ। भारी बारिश और भूस्खलन के कारण काफी संख्या में मकान नष्ट हो गए, जलाशयों में पानी भर गया और पेड़ उखड़ गए। भारतीय सेना समेत बचाव दल फंसे हुए लोगों को निकालने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के अलावा राज्य सरकार ने भी प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस और अग्निशमन बल से आपदा प्रतिक्रिया दल तैनात किए हैं। वायुसेना के हेलीकॉप्टर भी बचाव व राहत कार्य में जुटे हैं। उधर, केंद्रीय राज्य मंत्री जार्ज कुरियन राहत और बचाव अभियान का नेतृत्व करने के लिए वायनाड पहुंच रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर मंत्री अभियान में राष्ट्रीय आपदा राहत बल के कर्मियों, अर्धसैनिक बलों, केरल सरकार के अधिकारियों और अन्य एजेंसियों के साथ समन्वय करेंगे। राहत एवं बचाव कार्य के लिए मेरठ से सेना की विशिष्ट श्वान इकाई के विशेषज्ञ प्रशिक्षित कुत्ते भी वायनाड के लिए रवाना हो चुके हैं। ये कुत्ते मानव अवशेषों और यहां तक कि मिट्टी के नीचे दबे लोगों की सांसों की हल्की सी गंध को भी सूंघ सकते हैं। ध्वस्त हो चुके घरों और मलबे के ढेर के नीचे फंसे लोगों द्वारा मदद की गुहार लगाने के लिए किए जा रहे फोन प्राकृतिक आपदा की भयावह तस्वीर को बयां कर रहे हैं।रोते हुए लोगों द्वारा खुद की जान बचाने की गुहार लगाए जाने की वीडियो और तस्वीरें इंटरनेट मीडिया पर भी चलीं। आपदा प्रभावित लोग या तो अपने घरों में फंसे हुए थे या बाढ़ और बह गए पुलों के कारण उनके पास आने-जाने का कोई रास्ता नहीं था। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने बताया कि उत्तरी वायनाड जिले में हुए भीषण भूस्खलन में 123 लोगों की मौत हो गई और करीब 128 लोग घायल हुए हैं। मुख्यमंत्री के मुताबिक भूस्खलन के कारण सैकड़ों लोग मलबे में फंस गए और कई लोग बह गए। सूत्रों ने बताया कि मृतकों में कई महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। भूस्खलन में घायल हुए कई लोगों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मृतकों के शवों को पहचान और पोस्टमार्टम के लिए विभिन्न अस्पतालों के मुर्दाघरों में ले जाया जा रहा है। अस्पतालों परिसरों में भी भारी मारामारी रही। लोग अपनों को तलाशते नजर आए। उधर, कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा बुधवार सुबह भूस्खलन प्रभावित वायनाड का दौरा करेंगे। विभिन्न गांवों में बचाव अभियान जारी रहने के बीच भूस्खलन के कारण पुल बहने के बाद अस्थायी पुल बनाकर लोगों को खासतौर से बुजुर्ग पुरुषों और महिलाओं को बचाते हुए देखा गया। कुछ जगहों पर लोग एक दूसरे को पूरी ताकत से पकड़े नजर आए ताकि बाढ़ के पानी के तेज बहाव में वे बह न सकें।एक दिल दहला देने वाले दृश्य में मुंडक्कई गांव में कीचड़ में लथपथ एक व्यक्ति बाढ़ के पानी में एक विशाल चट्टान से चिपके हुए जीवित रहने के लिए संघर्ष कर रहा था जबकि असहाय स्थानीय लोग केवल उसकी पीड़ा देख सकते थे और उसकी मदद करने में असमर्थ थे। वे अधिकारियों से उसे तुरंत बचाने की गुहार लगा रहे थे। आशंका है कि यह व्यक्ति बाढ़ के पानी में बहते हुए आया और बड़े-बड़े पत्थरों के बीच फंस गया।

## अनुराग ठाकुर के बयान पर कांग्रेस का पलटवार, कहा- गांधी परिवार की जाति शहादत

**नईदिल्ली, 31 जुलाई [एजेंसी]।**

कांग्रेस ने भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर की ओर से लोकसभा में की गई टिप्पणी को लेकर हमला बोला है। कांग्रेस ने कहा कि गांधी परिवार की जाति शहादत है लेकिन भाजपा-आरएसएस इसे कभी नहीं समझेगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि उनकी पार्टी किसी भी जातिवादी गाली को सुनने के लिए तैयार है, लेकिन जाति जनगणना कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है।खरगे ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, हां, मैं भारतीय हूं और दलित हूं, लेकिन मुझे नहीं पता कि हम कितने हैं। हां , मैं आदिवासी हूं, लेकिन मुझे नहीं पता कि हम कितने हैं। हां, मैं पिछड़ा वर्ग हूं, लेकिन मुझे नहीं पता कि हम कितने हैं। आज हम सभी को यह आंकने की जरूरत है कि इस देश की तरक्की में हमारी कितनी भागीदारी है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा-आरएसएस वालों की हमसे यह छिपाने की साजिश है, ताकि वो हमें पिछड़ा रख सकें और षड्यंकारी बहानों से आरक्षण छीनकर हमारे अधिकारों पर कब्जा जमा सके।पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को यह स्पष्ट करना चाहिए कि क्या यह सब उनके कहने पर हुआ है।

प्रियंका गांधी ने अनुराग ठाकुर के भाषण का एक वीडियो साझा करते हुए एक्स पर पोस्ट किया सामाजिक-आर्थिक-जातीय जनगणना इस देश के 80 प्रतिशत लोगों की मांग है। उन्होंने सवाल किया कि क्या अब देश की संसद में देश की 80 प्रतिशत जनता को गालियां दी जाएंगी। नरेन्द्र मोदी को स्पष्ट करना चाहिए कि क्या यह उनके कहने पर हुआ है। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि राहुल गांधी की जाति शहादत है। उन्होंने एक वीडियो जारी कर कहा, यह मानसिकता भाजपा की हो सकती है कि वह एक ऐसे व्यक्ति के खिलाफ इस तरह के शब्दों का इस्तेमाल करे जो एक शहीद परिवार का बेटा है। राहुल के पिता का नाम शहीद और उनकी जाति का नाम शहादत है।

## संसद के दोनों सदनों में उठा केरल में तबाही का मामला, विपक्ष ने की मुआवजा बढ़ाने की मांग

**नईदिल्ली, 31 जुलाई [एजेंसी]।**

केरल में भूस्खलन से बड़ी तबाही का मामला मंगलवार को दोनों सदनों में उठा। सदस्यों ने दुख जताया और पीड़ित परिवारों की मुआवजा राशि बढ़ाने की मांग की। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं राज्यसभा में मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि मृतकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। केंद्र मदद करे। सरकार की ओर से बताया गया कि पीड़ितों को सहायता दी जा रही है। सुबह घटना की सूचना मिलते ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केरल के सीएम पी. विजयन से फोन पर बात की और केंद्र की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी स्थिति की जानकारी ली। नड्डा से कहा कि राहत कार्यों में भाजपा कार्यकर्ताओं को भी लगाएं। पीएम मोदी ने मृतकों के आश्रितों को राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि एवं घायलों को 50-50 हजार रुपये देने की घोषणा की है। घटना राहुल गांधी के पूर्व



संसदीय क्षेत्र वायनाड में हुई है। लोकसभा में प्रश्नकाल के बाद राहुल गांधी इस मामले पर सदन में अलग से चर्चा कराना चाह रहे थे। तर्क दिया कि आपदा बड़ी है। नुकसान का आकलन बाकी है। मगर स्पीकर ओम बिरला ने अनुमति नहीं दी। कहा-यह दर्दनाक घटना है। राजनीति नहीं करनी चाहिए।संसदीय कार्यमंत्री किरन रिजीजू ने सदन को बताया कि कि राहत कार्य किया जा रहा है। सभी एजेंसियां सक्रिय हैं। पीएम नरेन्द्र मोदी खुद इस पर नजर रख रहे हैं। राहुल गांधी ने आग्रह किया कि खतरे वाले क्षेत्रों की मैपिंग कर भूस्खलन रोकने के लिए कार्ययोजना बनाकर काम किया जाए, क्योंकि प्राकृतिक आपदाओं के मामले बढ़ रहे हैं। राज्यसभा में केरल हादसे पर बोलने के लिए नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जब खड़े हुए तो सभापति की बात पर विपक्ष के कुछ सांसद हंसने लगे।

इस पर खरगे भड़क गए और उन्हें गंभीर रहने की नसीहत दी। खरगे चाहते थे कि केरल के सांसद ही सदन में हादसे की दास्तान सुनाएं। पहले तो सभापति ने अनुमति नहीं दी, लेकिन बाद में खरगे के आग्रह पर केरल के सभी सांसदों को एक-एक मिनट में बातें रखने का मौका दिया गया।सभापति ने जब चलाए जा रहे राहत कार्य के बारे में बताना चाहा तो खरगे ने कहा कि यह जानकारी अगर सरकार दे तो ज्यादा अच्छा है। इस पर केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने सदन को बताया कि सरकार ने एजेंसियों को सक्रिय कर दिया है। राहत कार्य कराया जा रहा है। कांग्रेस ने प्रभावित परिवारों को मिलने वाली मुआवजा राशि को बढ़ाने की मांग की, जबकि वामदलों के सदस्यों ने राज्य के लिए अतिरिक्त पैसे मांगे, ताकि राहत कार्य चलाया जा सके।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने आफताब पूनावाला की ठुकराई मांग, कहा- निचली अदालत को नहीं दे सकते निर्देश



**नईदिल्ली, 31 जुलाई [एजेंसी]।**

चर्चित श्रद्धा वालकर हत्या मामले में तारीखें तय करने के संबंध में साकेत न्यायालय को निर्देश देने से दिल्ली हाईकोर्ट ने इन्कार कर दिया। न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी की पीठ ने कहा कि पेशेवर असुविधा मुकदमे में देरी का आधार नहीं हो सकती। पीठ ने कहा कि यह सराहनीय है कि निचली अदालत ने कार्य का अत्यधिक भार के बावजूद मामले को एक महीने में 10 तारीखों पर सूचीबद्ध किया।अदालत ने स्पष्ट कहा कि आरोपित आफताब ट्रायल कोर्ट की सुविधा के अनुसार समायोजन करेंगे, ट्रायल कोर्ट उसकी सुविधा के अनुसार समायोजित नहीं करेगा। पीठ ने कहा कि असाधारण मामलों में कभी-कभी ट्रायल कोर्ट पर दबाव रहता है और यह एक ऐसा मामला है, जहां निचली अदालत उचित गति से आगे बढ़ रही है, लेकिन आरोपित चाहता है कि अदालत अपने कैलेंडर को उसके कैलेंडर के हिसाब से बनाएं।निचली अदालत की कार्यवाही पर पीठ ने कहा कि यह यह सबसे अच्छा रिकार्ड है कि निचली अदालत ने बहुत कम समय में 120 गवाहों का बयान दर्ज किया है। पीठ ने स्पष्ट किया कि महत्वपूर्ण गवाहों की गवाही के लिए अदालत आपका इंतजार नहीं करेगी कि उनसे आपकी उपस्थिति में पूछताछ की जाए।जरूरी यह है कि आरोपित अदालत के समक्ष अपनी उपस्थिति खुद उपलब्ध कराए। उक्त टिप्पणी के साथ ही अदालत ने मौखिक रूप से कहा कि गवाहों से जिरह की तैयारी के लिए आरोपित को पर्याप्त समय दिया जाना चाहिए। इस पर आफताब की तरफ की तरफ से पेश हुए अधिवक्ता ने कहा कि इसके लिए पर्याप्त समय की आवश्यकता है तो वे ट्रायल कोर्ट से ही अनुरोध करें।यह भी अनुरोध किया कि ट्रायल कोर्ट को मुख्य बचाव वकील की उपस्थिति में ही महत्वपूर्ण गवाहों की जांच करने और जिरह की तैयारी के लिए पर्याप्त समय देने का निर्देश दिया जाए।

## लोकसभा में राहुल गांधी ने लिया डोभाल का नाम, भाजपा महासचिव तावड़े बोले- उनका नाम राजनीतिक चर्चा में घसीटना दुर्भाग्यपूर्ण

**सूरत, 31 जुलाई [एजेंसी]।**

भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने मंगलवार को लोकसभा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के भाषण की आलोचना करते हुए कहा कि विपक्ष के नेता द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल का नाम राजनीति में घसीटना दुर्भाग्यपूर्ण है। सूरत में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट पर बहस के लिए तथ्य और आंकड़े लाने के बजाय राहुल सोमवार को बजट तैयार करने वाले



अधिकारियों की एक तस्वीर लेकर आए।तावड़े ने कांग्रेस नेता पर मध्यम वर्ग का मजाक उड़ाने का भी आरोप लगाया। कहा कि विपक्ष के नेता के रूप में राहुल गांधी का भाषण आमतौर पर सड़कों पर दिए जाने वाले राजनीतिक संबोधन जैसा था।

संसद कोई सड़क का चौराहा नहीं है। उन्होंने चक्रव्यूह के बारे में बात करते हुए एनएसए अजीत डोभाल का नाम लिया। लोगों के मन में उनके प्रति अपार सम्मान है। डोभाल का नाम राजनीति में घसीटने का यह कृत्य दुर्भाग्यपूर्ण है।

## दक्षिण कन्नड़ में भारी बारिश का रेड अलर्ट

### आंगनवाड़ी और स्कूलों को बंद रखने के निर्देश

**नईदिल्ली, 31 जुलाई [एजेंसी]।**

दक्षिण कन्नड़ (कर्नाटक)। कर्नाटक के कई जिलों में भारी बारिश का दौर जारी है। वहीं, भारतीय मौसम विभाग ने दक्षिण कन्नड़ जिले में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है, इसके मद्देनजर डिप्टी कमिश्नर मुल्लई मुहिलान ने बुधवार को सभी आंगनवाड़ी और स्कूलों को बंद रखने की घोषणा की है। जिला प्रशासन का यह आदेश मछुआरों पर भी लागू है, जिन्हें मछली पकड़ने के लिए समुद्र में न जाने की सख्त हिदायत दी गई है।भारी बारिश को देखते हुए जिला प्रशासन हाई अलर्ट पर है और लोगों को इस दौरान निचले इलाकों में जाने से बचने और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। उपायुक्त मुहिलान ने कहा कि मौसम विभाग के अलर्ट के बाद कर्नाटक राज्य प्राकृतिक आपदा प्रबंधन ने कई तरह के एहतियाती कदम उठाए हैं। जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक, दक्षिण कन्नड़ जिले के सभी आंगनवाड़ी, सरकारी, सहायता प्राप्त और निजी प्राथमिक और उच्च विद्यालयों के साथ-साथ 12 तक के स्कूलों को 31 जुलाई के लिए बंद किए गए हैं।

## अस्पताल परिसर में मानसिक विक्षिप्त महिला से दुष्कर्म, कई दिनों से नजर गढ़ाए था आरोपी

**जबलपुर, 31 जुलाई [एजेंसी]।**

नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज परिसर में मंगलवार की तड़के दिव्यांग महिला के साथ एक युवक को दुष्कर्म करते हुए पकड़ा गया है। आरोपित गढ़ा निवासी 19 वर्षीय युवक विक्रम राजपूत है। उसने मानसिक रूप से दिव्यांग महिला के साथ रैन बसेरा के पास दुष्कर्म किया। आरोपित को सुबह कुछ लोगों ने देखा और मोक्ष संस्था को इसकी सूचना दी। लोगों ने उसे पकड़ा और पुलिस को सौंप दिया। सीएसपी देवेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि सुबह करीब चार बजे मेडिकल परिसर में बने रैन बसेरा में मानसिक रूप से कमजोर 25 वर्षीय महिला के साथ गढ़ा निवासी विक्रम



राजपूत ने दुष्कर्म किया। महिला रैन बसेरा में रहती थी। आरोपित को उसके पिता ने डांटा था, जिस वजह से वह घर न जाकर रैन बसेरा में कुछ दिन से रह रहा था। इसी दौरान उसकी नजर महिला पर पड़ी। घटना के पहले महिला अकेले घूम रही थी। इसी का फायदा उठाते हुए आरोपित विक्की उसे कैंपस के पीछे ले गया और दुष्कर्म किया।कैंपस में मौजूद लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। उन्होंने बताया कि बीते एक सप्ताह से आरोपित विक्की रोजाना मेडिकल कालेज में घूमते हुए दिख रहा था। स्थानीय लोगों और मोक्ष संस्था के कार्यकर्ताओं ने आरोपित विक्की को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। मेडिकल कालेज कैंपस में हुई घटना को लेकर मोक्ष संस्था ने कई तरह के सवाल खड़े किए हैं। मोक्ष संस्था के आशीष ठाकुर का कहना है कि इससे पहले भी दिव्यांग महिलाओं के साथ इस तरह की घटना सामने आई थी। मेडिकल कालेज कैंपस के भीतर ही पुलिस चौकी और सुरक्षा गार्ड होने के बाद भी इस तरह की घटना होना एक बड़ी वारदात है। मोक्ष संस्था के कार्यकर्ताओं का यह भी आरोप है कि मेडिकल कालेज कैंपस में जो बाउंसर हैं, अगर वह सुरक्षा व्यवस्था पर ध्यान देते तो इस तरह की घटना नहीं होती।

## निरीक्षण पर बेसमेंट में चल रही लाइब्रेरी क्यों नहीं दिखी, NOC वापस लेकर जिम्मेदारी से भाग रहा अग्निशमन विभाग

**नईदिल्ली, 31 जुलाई [एजेंसी]।**

ओल्ड राजेन्द्र नगर के कोचिंग सेंटर राव आईएएस स्टडी सर्किल में तीन विद्यार्थियों की मौत का मामले में कोई भी जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है। निगम ने जहां अपनी जान बचाने के लिए छोटे अधिकारियों पर कार्रवाई कर दी तो वहीं अग्निशमन विभाग ने इमारत से फायर एनओसी वापस लेने की प्रक्रिया शुरू कर अपनी जिम्मेदारी से इतीश्री कर लिया है और अग्निशमन विभाग के किसी भी कर्मचारी और अधिकारी को अभी तक कार्रवाई के दायरे में नहीं लाया गया है। विशेषज्ञ सवाल उठा रहे हैं कि जब अग्निशमन विभाग ने एक जुलाई 2024 को इमारत को फायर एनओसी देने के लिए निरीक्षण किया होगा तो क्या उसे कोचिंग सेंटर में निर्माण की गई लाइब्रेरी नहीं दिखी। अब जब घटना हो गई है तो एनओसी को वापस लेकर जिम्मेदारी से पीछा छुड़ाया जा रहा है। सवाल यह भी उठ रहा है कि क्योंकि कोचिंग सेंटर में लाइब्रेरी फायर एनओसी के बाद नहीं बनी, क्योंकि ऐसी कई शिकायतें पहले ही प्रशासन को की जा चुकी हैं, जिसमें इमारत की बेसमेंट में लाइब्रेरी चलने की बात कही जा रही थी। इस पूरे प्रकरण से साबित होता है कि बेसमेंट में जब लाइब्रेरी चल रही थी तो उसे बंद क्यों नहीं कराया। अगर, लाइब्रेरी बंद करा देते तो




ऐसी घटना को रोका जा सकता था। बार-बार होती घटनाओं से यह सामने आया है कि बेसमेंट में क्या गतिविधियां चल सकती हैं और क्या नहीं। बावजूद इसके निरीक्षण के दौरान अग्निशमन विभाग ने एमसीडी को भी इसकी जानकारी नहीं दी।हालांकि इस पूरे मामले में अग्निशमन सेवा के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बिल्डिंग जिस विभाग के अधिकार क्षेत्र में आती है वह विभाग एनओसी के लिए अग्निशमन सेवा को कहता है। कोचिंग सेंटर राव आईएएस स्टडी सर्किल की एनओसी के लिए एमसीडी ने अग्निशमन सेवा से कहा था।इस पर निरीक्षण के दौरान अग्नि सुरक्षा को लेकर सारे उपाय सही पाए गए।

भूतल में भी अग्नि सुरक्षा के उपकरण थे। एनओसी देने के लिए जो भी नियम थे उन्हें जांचने के बाद एनओसी दी गई थी। एमसीडी के भवन विभाग की जिम्मेदारी है कि यह सुनिश्चित करे कि कहीं पर भवन निर्माण के नियमों का उल्लंघन न हो।राव कोचिंग सेंटर की इमारत का नक्शा पास था व बेसमेंट में स्टोर और पार्किंग के लिए अनुमति दी गई थी। जब पार्किंग व स्टोर के लिए अनुमति दी गई थी तो यहां पुस्तकालय कैसे चल रहा था। यहां पर इस विभाग ने सीधे तौर पर लापरवाही की है। साथ ही एमसीडी ने अग्निशमन सेवा को यह जानकारी नहीं दी कि बेसमेंट में पुस्तकालय चल रहा है। जब हादसा हुआ उसके बाद अग्निशमन विभाग ने एनओसी रद्द की।

## मैं जाट हूं और मुझे इस पर गर्व है राज्यसभा में ऐसा क्या हुआ जो जगदीप धनखड़ बतानी पड़ी अपनी जाति



**नईदिल्ली, 31 जुलाई [एजेंसी]।**

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को केंद्रीय बजट पर बहस के दौरान सदन के एक सदस्य के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि मैं जाट हूं और मुझे अपनी जाति पर गर्व है। उन्होंने कहा कि जाट केंद्र और राजस्थान सरकार की सूची में ओबीसी के अंतर्गत आते हैं। वह उस समिति का हिस्सा थे जिसने समुदाय के लिए आरक्षण की मांग को लेकर आंदोलन का नेतृत्व किया था।उनका यह बयान बजट पर चर्चा के दौरान भाजपा सदस्य घनश्याम तिवाड़ी के भाषण के दौरान आया।

कांग्रेस सदस्य रजनी अशोक राव पाटिल ने पूछा कि तिवाड़ी ने धनखड़ का उल्लेख ओबीसी के रूप में क्यों किया। वह यह भी जानना चाहती थीं कि क्या राजस्थान में जाट ओबीसी हैं।भाजपा के डा. के. लक्ष्मण ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में जाटों को अन्य पिछड़ा वर्ग में शामिल किया गया था। धनखड़ ने कहा कि वह जाट आरक्षण समिति से जुड़े हैं और इसके प्रमुख प्रवक्ता हैं। उन्होंने कहा कि छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने तत्कालीन प्रधानमंत्री से मुलाकात की थी और उनकी मांग तुरंत स्वीकार कर ली गई थी।



## खाने की शौकीन हैं वैशाली अरोड़ा, एक्ट्रेस ने उड़ने की आशा के सेट की बताई मजेदार बातें

टीवी एक्ट्रेस वैशाली अरोड़ा इन दिनों शो उड़ने की आशा को लेकर सुर्खियों में हैं। इसमें वह रिया का किरदार निभा रही हैं, जिसे दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं। एक्ट्रेस फूडी हैं और वह सेट पर कुछ न कुछ खाते रहना पसंद करती हैं।

वैशाली ने कहा, मैं एक मजेदार बात शेयर करना चाहती हूं जो कई बार हुआ है। मेरा किरदार रिया खाने की बड़ी शौकीन है। आकाश खाना बनाकर उसे भेजता है और वह उसे खाती है। जब भी मैं शूटिंग कर रही होती हूं, प्रोडक्शन टीम पूछती है कि मैं क्या खाना चाहती हूं और उसे तैयार करके रखती है। मैं अपने किरदार को रियल में जीने लगती हूं, क्योंकि मैं खुद भी फूडी हूं, यहां तक कि रिहर्सल के दौरान भी मैं कुछ न कुछ खाती रहती हूं। उन्होंने कहा, जब तक हम फाइनल टेक लेते हैं, तब तक खाना लगभग खत्म हो चुका होता है और मेरे पेट में खाने के लिए जगह नहीं बचती। उदाहरण के लिए... आकाश ने रिया के लिए रेड वेलवेट केक बनाया। मैंने रिहर्सल के दौरान खाना शुरू किया और फाइनल टेक तक आधा खा लिया था। इसी तरह, डोसा मैंने रिहर्सल के दौरान इतना खाया कि मैं बाद में लंच नहीं कर सकी। मानसून में वैशाली को मैगी और चाय बेहद पसंद है। उन्होंने कहा, मुझे मानसून का मौसम ज्यादा पसंद नहीं है, लेकिन इस मौसम में मेरी पसंदीदा चीज घर पर बैठकर चाय और मैगी है। इस दौरान कुछ मजेदार देखना और अपने सोफे पर आराम करना है। काम करते समय, मैं एक्टिव रहने के लिए कॉफी पीती रहती हूं और बारिश बंद होने पर ताजी हवा लेने के लिए बाहर टहलती हूं। मानसून रोमांटिक सीन्स के बारे में वैशाली ने कहा, हां, मानसून रोमांस का सीजन है। कुछ ऐसी चीज है जिसका आने वाले एपिसोड में दर्शकों को इंतजार करना चाहिए। आकाश और रिया के बीच की केमिस्ट्री वाकई बहुत रोमांटिक तरीके से सामने आएगी। उन्होंने कहा, बारिश रिया को दिल की बात कहने के लिए मजबूर करेगी, और आकाश का रिएक्शन देखने लायक होगा। मैं चाहती हूं कि मेरे फैंस आकाश और रिया के इन खास पलों को देखें। मैं इसका बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। इस शो को राहुल कुमार तिवारी ने प्रोड्यूस किया है। उड़ने की आशा स्टार प्लस पर प्रसारित होता है।

## ब्लैक साड़ी में बला की खूबसूरत दिखीं मौनी रॉय

एक्ट्रेस मौनी रॉय हमेशा अपने बोल्ड और स्टनिंग लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटौरती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक की तारीफ करते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट एथनिक लुक से एक बार फिर फैंस के बीच कहर बरपा दिया है। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस अपने होश खो बैठे हैं। टीवी से बॉलीवुड तक का सफर तय करने वाली अभिनेत्री मौनी रॉय आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी अदाकारी से लोगों को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस



ने अपने लेटेस्ट फोटोज इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं। मौनी रॉय ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान ब्लैक कलर की साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो बेहद ही स्टनिंग और हॉट नजर आ रही हैं। उनका कातिलाना अंदाज इंटरनेट पर तबाही मचा रहा है। बता दें एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो उनका लुक चंद ही मिनटों में वायरल होने लगता है। फैंस भी उनके हर एक लुक को काफी ज्यादा पसंद करते हैं।

इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस मौनी रॉय इंडोर फोटोशूट करवाया है। एक्ट्रेस कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक पोज देते हुए फोटोज क्लिक करवा रही हैं। खुले बाल, माथे पर बिंदी और मिनिमल मेकअप कर के एक्ट्रेस मौनी रॉय ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। उनके इस लुक को देखकर फैंस दिलखोलकर लाइक्स और कॉमेंट्स कर रहे हैं। एक्ट्रेस सोशल मीडिया लवर हैं और इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव भी रहती हैं। साथ ही अपने फैंस के साथ फोटोज और वीडियोज शेयर करती रहती हैं। फैंस भी अक्सर उनके स्टाइल को फॉलो करते हैं।

# क्या ज्यादा रनिंग करने से आपके घुटने खराब हो सकते हैं? यहां जानें सच

क्या आप जानते हैं कि जब आप चलते हैं, तो आपके घुटने आपके शरीर के हर पाउंड वजन के साथ लगभग डेढ़ पाउंड का तनाव झेलते हैं? और जब आप दौड़ते हैं, तो यह तनाव चार पाउंड तक बढ़ जाता है. हमारे घुटने हर कदम के साथ इस झटके को सहन करते हैं. इसी वजह से, बहुत से लोग मानते हैं कि दौड़ने से घुटनों को नुकसान हो सकता है. उनका मानना है कि दौड़ने से कार्टिलेज (घुटनों के बीच का गद्दा) टूट सकता है और पहले से कोई समस्या हो तो वह बढ़ सकती है. लेकिन क्या यह सच है? आइए जानते हैं



एक शोध के अनुसार, दौड़ना अपने आप में घुटनों के लिए बुरा नहीं है. लेकिन अगर दौड़ने वाले लोग सावधानी नहीं बरतते, तो घुटनों में दर्द हो सकता है. अच्छे जूतों के साथ दौड़ना हेल्थ के लिए फायदेमंद है. रोजाना दौड़ने से घुटनों में तरल बढ़ता है, जो उन्हें चिकना रखता है और गठिया का खतरा कम करता है.

जानें क्यों होता है घूटनों में दर्द

हालांकि, इसका मतलब यह नहीं कि दौड़ने वालों को घुटनों में दर्द नहीं हो सकता. दौड़ते समय घुटनों पर असर डालने वाले कई कारण होते हैं. अगर कूल्हे या जांघ की मांसपेशियां कमजोर हैं, तो घुटने में चोट लगने का खतरा बढ़ जाता है. ज्यादा वजन भी घुटनों पर दबाव बढ़ाता है, जिससे चोट का खतरा होता है. लेकिन वजन कम करने से घुटनों पर दबाव कम हो सकता है. धावकों में सबसे आम चोट पेटेलोफेमोरल पेन सिंड्रोम (क्नक) होती है. इस समस्या में घुटने के नीचे, ऊपर या सामने दर्द होता है.

जानें दौड़ने का सही तरीका -

* अचानक ज्यादा दौड़ना- अगर आपने अचानक अपनी दौड़ने की दूरी या समय बढ़ा दिया है, तो यह चोट लगने का एक मुख्य कारण हो सकता है. इसे सुधारने के लिए धीरे-धीरे अपनी दौड़ने की दूरी और समय बढ़ाएं. इससे आपके घुटनों को नए दबाव के अनुकूल होने का समय मिलेगा.

* स्ट्रेंथ ट्रेनिंग एक्सरसाइज- कोर मसल्स (मध्य भाग की मांसपेशियां) को मजबूत करने के लिए एक्सरसाइज करें. इससे दौड़ते समय आपका फॉर्म सही रहेगा और घुटने की चोट का खतरा कम होगा. मजबूत मांसपेशियां आपके घुटनों को बेहतर सहारा देती हैं.

* सही दौड़ने की तकनीक- दौड़ते समय सही तकनीक का इस्तेमाल करें.

गलत तरीके से दौड़ने से घुटनों पर अधिक दबाव पड़ता है. दौड़ते समय अपने कदम छोटे और हल्के रखें.

* सही जूते- हमेशा अच्छे क्वालिटी के दौड़ने वाले जूते पहनें, जो आपके पैरों और घुटनों को सही सपोर्ट दें. पुराने या घिसे-पिटे जूते इस्तेमाल न करें.

जानें क्या सही -दौड़ना आपके घुटनों और हेल्थ के लिए फायदेमंद हो सकता है, बशर्ते आप सही तरीके से दौड़ें और दर्द के संकेतों को नज़रअंदाज़ न करें. अगर आपको दौड़ते समय घुटने में दर्द होता है, तो इसे गंभीरता से लें और तुरंत दौड़ना बंद कर दें.

## मॉनसून में महिलाएं कैसे रखें अपनी पर्सनल हाइजीन का ध्यान? काम आएंगे ये टिप्स

बारिश का मौसम में पर्सनल हाइजीन का ध्यान रखना बहुत जरूरी हो जाता है. खासकर महिलाओं के लिए, सही सफाई और स्वच्छता बनाए रखना



आवश्यक है ताकि किसी भी तरह के संक्रमण और बीमारियों से बचा जा सके.

बारिश के मौसम में महिलाओं को अपने पर्सनल हाइजीन का ध्यान रखना बहुत जरूरी है, खासकर पीरियड्स के दौरान. इस समय सही सफाई और स्वच्छता बनाए रखने से संक्रमण और बीमारियों से बचा जा सकता है.

साफ और सूखे कपड़े पहनें- बारिश में गीले कपड़े पहनने से संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है. हमेशा सूखे और साफ कपड़े पहनें. अगर कपड़े गीले हो जाएं तो तुरंत बदल लें और शरीर को अच्छी तरह से पोंछ लें.


साफ अंडरगारमेंट्स पहनें- साफ और सूखे अंडरगारमेंट्स पहनना बहुत जरूरी है. गंदे या गीले अंडरगारमेंट्स पहनने से इन्फेक्शन का खतरा होता है. रोजाना अंडरगारमेंट्स बदलें और धोकर अच्छी तरह सुखाएं.

महिलाओं को अपने पर्सनल हाइजीन प्रोडक्ट्स जैसे सैनिटरी नैपकिन और पैंटी लाइनर का सही तरीके से इस्तेमाल करना चाहिए. इन प्रोडक्ट्स को हर 4-6 घंटे में बदलना जरूरी है, चाहे रक्तस्राव कम हो या ज्यादा इससे त्वचा को साफ और सूखा बनाए रखने में मदद मिलती है.

इस्तेमाल के बाद हाइजीन प्रोडक्ट्स को सही तरीके से डिस्पोज करें। इन्हें खुले में ना फेंकें और अगर संभव हो तो बायोडिग्रेडेबल प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करें.बारिश के मौसम में नमी और गंदगी ज्यादा होती है. इससे बैक्टीरिया और फंगस बढ़ सकते हैं. नियमित रूप से स्नान करें और एंटीबैक्टीरियल साबुन का इस्तेमाल करें. इससे आपकी त्वचा साफ और ताजगी भरी रहेगी.

## बॉक्स ऑफिस पर धनुष की फिल्म रायन कर रही है ताबड़तोड़ बिजनेस

धनुष की फिल्म रायन सिनेमाघरों में दर्शकों का मनोरंजन कर रही है। इस फिल्म ने धनुष के लिए उनके करियर का एक खास रिकॉर्ड बना दिया है। रायन उनके करियर की ओपनिंग वीकेंड पर सबसे ज्यादा पैसे कमाने वाली फिल्म बन गई है। वहीं, वैश्विक स्तर पर भी फिल्म अच्छी कमाई कर रही है। सैकनिल्क के अनुसार, रायन ने पहले दिन 13.65 करोड़ का कलेक्शन किया था। दूसरे दिन इसने 13.75 करोड़ रुपये कमाए थे और सप्ताह के आखिरी दिन 15.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया। इस तरह फिल्म ने ओपनिंग वीकेंड पर कुल 42.65 करोड़ कमा लिए। वहीं, इसकी वर्ल्डवाइड कमाई की बात करें तो वो 70 करोड़ का आंकड़ा छू चुकी है। रायन धनुष के निर्देशन में बनी दूसरी फिल्म है। इससे पहले उन्होंने पा पंडी को डायरेक्ट किया था, जो 2017 में रिलीज हुई थी।



## बॉक्स ऑफिस पर कल्कि का जलवा बरकरार



प्रभास स्टारर कल्कि 2898 एडी ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर शानदार परफॉर्म करते हुए पहला महीना पूरा कर लिया है. ये फिल्म 27 जून को रिलीज होने के बाद से बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है. ये फिल्म रिलीज के दूसरे हफ्ते की शुरुआत में भी खूब छप्परफाड़ कमाई कर रही है. फिल्म ने पांचवें वीकेंड पर भी खूब नोट छाप लिए हैं. चलिए यहां जानते हैं फिल्म ने रिलीज के 32वें दिन कितना कलेक्शन किया है?

एपिक साइंस फिक्शन फिल्म कल्कि 2898 एडी का क्रेज पांचवे हफ्ते में दर्शकों के सिर चढ़कर बोल रहा है. फिल्म को रिलीज हुए 32 दिन हो गए हैं और इसे देखने के लिए थिएटर्स में अब भी खूब भीड़ पहुंच रही है. दिलचस्प बात ये है कि फिलहाल सिनेमाघरों में दर्शको के लिए बैड न्यूज और हॉलीवुड फिल्म डेडपूल एंड वूल्वरिन जैसी फिल्म भी मौजूद है. लेकिन कल्कि 2898 एडी बॉक्स ऑफिस पर मजबूती से टिकी हुई है. फिल्म की कमाई की बात करें तो कल्कि 2898 एडी ने रिलीज पहले हफ्ते में 414.85 करोड़ से ओपनिंग की थी. दूसरे हफ्ते में फिल्म ने 128.5 करोड़ कमाया वहीं तीसरे हफ्ते में फिल्म ने 56.1 करोड़ का कलेक्शन किया. वही चौथे हफ्ते में कल्कि 2898 एडी ने 24.4 करोड़ का कलेक्शन किया. वहीं फिल्म ने पांचवें हफ्ते के पांचवें फ्राइडे 1.25 करोड़ की कमाई की जबकि 5वें शनिवार कल्कि 2898 एडी ने 2.9 करोड़ का कलेक्शन किया है.

## शब्द सामर्थ्य -134

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।


**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक133का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्क | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |



## अल्लू सिरीश स्टारर बडी की आकर्षक पोस्टर के साथ रिलीज डेट की हुई घोषणा

बडी ने अपने आगमन की घोषणा की। बहुमुखी और करिश्माई अभिनेता अल्लू सिरीश अपनी आगामी फिल्म बडी के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार हैं, जो एक काल्पनिक एक्शन ड्रामा है जो एक दृश्य तमाशा और कल्पना से भरपूर कथा का वादा करता है। स्टूडियो ग्रीन फिल्म्स के प्रतिष्ठित बैनर तले केई ज्ञानवेल राजा और अधाना ज्ञानवेल राजा द्वारा निर्मित, यह फिल्म शीर्ष-स्तरीय उत्पादन मूल्यों का दावा करती है, जो उच्चतम गुणवत्ता का सिनेमाई अनुभव देने के लिए उत्पादन टीम की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

फिल्म के निर्माण में उत्कृष्टता की खोज में कोई कसर नहीं छोड़ी गई है, जिसमें हर फ्रेम में बारीकी पर सावधानीपूर्वक ध्यान दिया गया है। गायत्री भारद्वाज, एक प्रतिभाशाली अभिनेत्री, मुख्य महिला की भूमिका निभाती हैं, जो कहानी में गहराई और भावना जोड़ती है। सैम एंटोन द्वारा निर्देशित, जो अपनी अभिनव कहानी कहने के लिए जाने जाते हैं, और नेहा ज्ञानवेल राजा द्वारा सह-निर्मित, बडी एक सहयोगात्मक प्रयास है जो उद्योग में सर्वश्रेष्ठ को एक साथ लाता है।

बडी 2 अगस्त को एक भव्य रिलीज के लिए तैयार है, जिसके निर्माताओं ने रोमांचक खबर की घोषणा करने के लिए एक आकर्षक पोस्टर जारी किया है। फिल्म के सार को दर्शाने वाला यह पोस्टर प्रशंसकों और आलोचकों के बीच चर्चा का विषय बन गया है, जिससे आगामी रिलीज में रुचि बढ़ गई है।

बडी के ट्रेलर ने पहले ही तहलका मचा दिया है, और दर्शकों को अपनी कल्पना, एक्शन और ड्रामा के मिश्रण से आकर्षित कर लिया है। इसे मिली जबरदस्त सकारात्मक प्रतिक्रिया इस बात का प्रमाण है कि फिल्म रोमांच और मनोरंजन करने की क्षमता रखती है। प्रतिभाशाली जोड़ी हिप हॉप तमीज़्हा द्वारा रचित साउंडट्रैक चार्ट-टॉपिंग सनसनी बन गया है, जिससे फिल्म की रिलीज़ के लिए उत्सुकता और बढ़ गई है।

बडी का एक प्रमुख आकर्षण अल्लू सिरीश के साथ उनके साथी की एक्शन सीक्वेंस हैं, जो अभिनेता की बहुमुखी प्रतिभा और शारीरिक कौशल को प्रदर्शित करते हैं। एक्शन से भरपूर दृश्यों और एक सम्मोहक कहानी के संयोजन के साथ, बडी इस शैली के प्रशंसकों के लिए अवश्य देखने लायक फिल्म है।

सफल लॉन्च सुनिश्चित करने के लिए, निर्माताओं ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, पारंपरिक मीडिया और प्रचार कार्यक्रमों का लाभ उठाते हुए एक रणनीतिक मार्केटिंग अभियान शुरू किया है। अभियान का उद्देश्य फिल्म की रिलीज से पहले गति बनाना, दर्शकों को जोड़ना और फिल्म के विषय और निर्माण के बारे में चर्चा करना है।

बडी सिर्फ़ एक फ़िल्म नहीं है; यह एक सिनेमाई सफ़र है जिसमें फ़ैंटेसी, एक्शन और ड्रामा के बेहतरीन तत्व शामिल हैं। अपने बेहतरीन प्रोडक्शन वैल्यू, बेहतरीन कलाकारों और नए निर्देशन के साथ, बडी एक अविस्मरणीय नाट्य अनुभव के लिए मंच तैयार करती है। जैसे-जैसे रिलीज़ की तारीख नज़दीक आ रही है, प्रशंसक और फ़िल्म देखने वाले बेसब्री से बडी की दुनिया में डूबने के अवसर का इंतज़ार कर रहे हैं, एक ऐसी फ़िल्म जो अल्लू सिरीश की फ़िल्मोग्राफी में एक महाकाव्य जोड़ने का वादा करती है।

## ध्रुव सर्जा स्टारर केडी-द डेविल से संजय दत्त का फर्स्ट लुक आउट

65 साल की उम्र में भी संजय दत्त की गजब फैन फॉलोइंग है। उनकी एक्टिंग आज भी उतनी दमदार है जितनी 90 के दशक में थी। इतना ही संजय दत्त की फैन फॉलोइंग समय के साथ घटी नहीं, बल्कि बढ़ी है। यही वजह है कि वो आज भी टॉप बॉलीवुड एक्टर्स की लिस्ट में गिने जाते हैं। आज एक्टर अपना 65वां जन्मदिन मना रहे हैं और उनके चाहने वाले उन्हें इस खास दिन की बधाइयां दे रहे हैं। एक्टर ने भी अपने फैंस का पूरा ध्यान रखा है, इसलिए ही उन्होंने अपनी अपकमिंग फिल्म केडी-द डेविल से अपना नया लुक रिवील कर दिया है। नए किरदार की उन्होंने पहली झलक



दिखाई है, जिसमें वो अजब-गजब अवतार में नजर आ रहे हैं। उनका ये लुक लोगों को काफी पसंद आ रहा है। इस अपकमिंग फिल्म में संजय दत्त धाक देवा का रोल निभाएंगे।

संजय दत्त की ये तस्वीर उनके जन्मदिन पर मेकर्स ने रिलीज की है और ये उनके चाहने वालों के लिए किसी सरप्राइज से कम नहीं है। जैसे ही अभिनेता संजय दत्त ध्रुवा सरजा की केडी-द डेविल की एपीक दुनिया में शामिल हुए, यह फिल्म उनके खास प्रोजेक्ट्स में गिनी जाने लगी। इस पर बात करते हुए केडी-द डेविल के निर्देशक प्रेम कहते हैं, फिल्म इंडस्ट्री में संजय दत्त की विशालता को कौन नहीं जानता? वह कई प्रभावशाली भूमिकाओं के साथ आते हैं। उनका मुन्ना भाई आज भी बहुत सराहा जाता है, मैं बहुत आभारी और खुश हूं कि उन्होंने इस फिल्म को करने के लिए हां कहा और उनके साथ काम करना खुशी की बात रही।

# भव्य व गरिमामय से मनाया जाएगा 78वीं स्वतंत्रता दिवस समारोह




**कोरिया।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 78वीं स्वतंत्रता दिवस के आयोजन पर होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों पर पुलिस अधीक्षक श्री सूरज सिंह परिहार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई।

विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बैकुंठपुर के मिनी स्टेडियम में जिलास्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह संबंधित विभागों के अधिकारियों को भव्य व गरिमामय आयोजन के लिए तैयारियां प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न जिला अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा कि राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक कार्य 13 अगस्त तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने अधिकारियों से कहा कि कार्यक्रम स्थल में आवश्यक कार्य समय पर पूर्ण कर लें साथ ही स्वतंत्रता दिवस के दिन डॉक्टर, स्टॉफ सहित अन्य आवश्यक साधन-संसाधन उपलब्ध करना सुनिश्चित हो। ग्राउंड व्यवस्था की जिम्मेदारी लोक निर्माण एवं नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर को सौंपी गई है, वहीं शामियाना टेंट एवं बैठक, मंच पर कारपेट एवं तिरपाल, माइक व्यवस्था, लोक निर्माण विभाग (विद्युत/यांत्रिक), राष्ट्रीय ध्वज एवं सफेद छाते की व्यवस्था रक्षित निरीक्षक पुलिस लाइन, बेरिकेटिंग हेतु बाँस बल्ली की व्यवस्था वन व लोक निर्माण विभाग, बेरिकेटिंग एवं लाइनिंग की व्यवस्था लोक निर्माण विभाग एवं रक्षित निरीक्षक पुलिस लाइन, साज-सज्जा, गमले एवं गुलदस्ते की व्यवस्था उद्यान विभाग, विद्युत व्यवस्था, अनुविभागीय अधिकारी विद्युत यांत्रिकी विभाग, कबूतर की व्यवस्था पशु चिकित्सा, गुब्बारे की व्यवस्था महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग विभाग, बैंड की व्यवस्था पुलिस अधीक्षक एवं जिला परियोजना समन्वयक सर्व शिक्षा अभियान, आमंत्रण पत्र की छपाई एवं वितरण की व्यवस्था, जिला पंचायतएवं उप समाज कल्याण, प्रशस्ति पत्र के वितरण एवं छपाई की व्यवस्था आदिवासी विकास विभाग एवं जिला शिक्षा, मुख्य अतिथि के सत्कार की व्यवस्था लोक निर्माण विभाग एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं शहीद परिवार को लाने ले जाने तथा रुकवाने की व्यवस्था जिला पुलिस विभाग, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग एवं सर्व थाना प्रभारी कोरिया, परेड निरीक्षण हेतु खुली जिप्सी पुलिस अधीक्षकएवं रक्षित निरीक्षक पुलिस लाइन, चिकित्सा दल एवं प्राथमिक उपचार की व्यवस्था मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, उद्घोषक की व्यवस्था जिला शिक्षा अधिकारी एवं उदघोषक को कार्यक्रम की सूची समय पूर्व देने की व्यवस्था आदिवासी विकास एवं जिला षिक्षा अधिकारी तथा फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी की व्यवस्था की जिम्मेदारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा कोरिया को दी गई है। इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन पर पुरस्कार हेतु शील्ड एवं पुरस्कार की पूर्ण जिम्मेदारी कार्यपालन अभियंता, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना इकाई कोरिया, मिष्ठान वितरण की व्यवस्था जिला खाद्य अधिकारी एवं खनिज अधिकारी तथा जिला परियोजना समन्वयक, सर्व शिक्षा अभियान कोरिया को दिया गया है। समारोह स्थल पर विशिष्ट अतिथियों के स्वल्पाहार की व्यवस्था वन मंडलाधिकारी बैकुंठपुर, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग करेंगे। समारोह स्थल पर पीने हेतु स्वच्छ जल की व्यवस्था एवं फ़ायर ब्रिगेड वाहन की व्यवस्था मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर तथा कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग करेंगे। बैठक में अपर कलेक्टर, एसडीएम व विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित थे।

## शिक्षा व्यवस्था को लग रहा पलीता, जिम्मेदार मौन



**कोरिया बैकुंठपुर।** राज्य शासन से लगातार संलग्नि करण निरस्त करने समय समय पर आदेश जारी होते हैं जिससे शिक्षा विभाग मे अध्ययन अध्यापन सुचारू रूप से संपादित हो सके लेकिन कोरिया जिले का हाल कुछ और ही है, यहाँ व्याख्याता भी छात्रा वास अधीक्षक बन कर सालों से आराम फरमा रहे है और हाई स्कूल, सेकेंडरी के बच्चे अपने विषय शिक्षक का इंतजार ही सालों से कर रहे। ताजा मामला हायर सेकेंडरी भखार का है जहा संस्कृत विषय के विद्वान व्याख्याता बसंत कुजूर सालों से छात्रा वास अधीक्षक के पद पर संलग्न है और विद्यालय के बच्चे विषय शिक्षक से दूर हैं। गौरतलब है की आदिवासी छात्रा वास आदिम जाति कल्याण विभाग संचालित करता है और वहा के प्रभारी शिक्षा विभाग के। अब देखना है की विभाग इनकी सुध कब लेता है।

## सूरजपुर पुलिस के एचपी शौर्य पुलिस पेट्रोल पंप का आईजी सरगुजा ने किया शुभारंभ



**सूरजपुर।** न्यू बस स्टैण्ड के सामने जिला पुलिस सूरजपुर का एचपी शौर्य पुलिस पेट्रोल पम्प का शुभारंभ मंगलवार, 30 जुलाई 2024 को पुलिस महानिरीक्षक, सरगुजा रेंज श्री अंकित गर्ग (भापुसे) के द्वारा फीता काटकर व शिलालेख का अनावरण कर किया। शुभारंभ अवसर पर कलेक्टर श्री रोहित ब्यास (भाप्रसे.), उप पुलिस महानिरीक्षक व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री एम.आर.आहिरे (भापुसे.), डीएफओ श्री पंकज कमल, सेनानी 10वीं वाहिनी श्री सुजीत कुमार, एचपी कंपनी के जीएम श्री अवधेश पाण्डेय मौजूद रहे। आईजी सरगुजा रेंज व एसएसपी सूरजपुर ने वाहन में पेट्रोल भरकर उसकी उसकी रिडिंग को चेक किया और पम्प में लगे हवा मशीन, पीने के स्वच्छ जल का जायजा लिया और सुरक्षा उपकरणों को प्रभावशील रखने के निर्देश पुलिस पेट्रोल पंप प्रभारी को दिए। इसके उपरान्त पेट्रोप पंप परिसर में वृक्षारोपण किया। पुलिस महानिरीक्षक, सरगुजा रेंज श्री अंकित गर्ग ने कहा कि शहरवासियों की सुविधा के लिए एचपी शौर्य पुलिस पेट्रोल पंप आज से आपकी सेवा में समर्पित किया गया हैं। शहर वासियों को सही नाप व सही गुणवत्ता का इंधन का लाभ होगा। पेट्रोल पंप में हिन्दुस्तान पेट्रोलियम द्वारा उच्च दर्जा, मॉडर्न औटसेमेशन प्रणाली से लैस है। इस पंप से होने वाली आमदनी को पुलिस कर्मियों के वेलफेयर के लिए उपयोग किया जाएगा। बाईपास रिंगरोड में पुलिस का पेट्रोल पंप खुलने से बड़े वाहन जिन्हें शहर के अंदर जाने की मनाही है, वे अब आसानी से शहर के बाहर से पेट्रोल, डीजल ले सकेंगे। इस अवसर पर डॉ. आर.एस.सिंह, एचपी बिलासपुर के प्रबंधक अर्नव चर्टजी, क्षेत्रीय सेल्स आफिसर प्रव्यय अमृत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, सीएसपी एस.एस.पैंकरा, एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी, एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी, एसडीओपी सूरजपुर नंदिनी ठाकुर, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप, रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी, थाना प्रभारी विमलेश दुबे, अलरिक लकड़ा, नरेन्द्र सिंह सहित पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## नेता प्रतिपक्ष, उपाध्यक्ष सहित 13 पार्षदो ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी के खिलाफ खोला मोर्चा

**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में नगर पालिका में बवाल मचा हुआ है। जहा नपा के नेता प्रतिपक्ष व उपाध्यक्ष सहित कुल 13 पार्षदो ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सभी पार्षदो का आरोप है कि नपा के सीएमओ मनीष वारे जनहित के कामो में मनमानी कर रहे है जिससे नगर का विकास प्रभावित हो ठप्प पड गया है। पार्षदो ने आरोप लगाते हुए कहा कि नगर पालिका में धनराशि आबंटित होने के बावजूद जनहित के काम नहीं हो पा रहा है। परिषद की बैठक 13 महिने से नही कराया गया है। सीएमओ साहब अपने कक्षा में नहीं बैठते हैं जिससे वार्ड पार्षद अपनी वार्डों की समस्याओं का निराकरण नहीं करवा पा रहे हैं। इस समय नगर पालिका के ज्यादातर वार्ड में स्ट्रीट लाइट खराब हो गया है जिसे सुधार कार्य नहीं कराया जा रहा है। शहर में इस समय चारो तरफ गंदगी फैला हुआ है रोड नाली जाम है । ठेकेदार द्वारा कराए गए कार्यों पर वार्ड पार्षद द्वारा आपत्ति दर्ज करने पर निराकरण नहीं किया जाता है। मुख्य नगरपालीका अधिकारी द्वारा पार्षदो का अपने निधि का उपयोग वार्ड के विकास कार्यों पर नहीं करने दिया जा रहा है।



नगर में शुद्ध पीने का पानी सप्लाई टैंकर, कचरा उठाने वाला ठेला गाड़ी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है। नगर पालिका में घास झाड़ी कटाई व लिफ्टर जेसीबी मशीन खराब पड़े हैं । नगर पालिका क्षेत्र में लगा रहे मछली मुर्गा बकरा का अपशिष्ट निपटान के लिए कोई भी उपाय नहीं किया जा रहा है । नगर पालिका क्षेत्र में बरसात के मौसम में मच्छरों को नियंत्रित करने के लिए मच्छर रोधी दवा का छिड़काव नहीं किया जा रहा है । पार्षदों के अभिमत को कार्यवाही पंजी में दर्ज नहीं कर हिटलरशाही की जा रही है। इसके विरोध में नगर पालिका के पार्षद कलेक्टर कोरिया से नगर पालिका अधिनियम में प्राप्त अधिकारों के३ हनन का शिकायत कर मांग किए हैं। कलेक्टर कोरिया को ज्ञापन सौपे जाने के दौरान नपा उपाध्यक्ष आशीष यादव, नेता प्रतिपक्ष अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह, साधना जायसवाल, मनीष सिंह, धीरु शिवहरे, अंकित गुप्ता, अभिनेन्द्र सिंह, बॉबी सिंह, मुसर्रत जहा, सुनील गुप्ता, ललीता सिंह व अहमदुल्ला मौजूद रहे। पार्षद ने अपनी 10 सूत्री मांगों को लेकर कलेक्टर कोरिया को मांग पत्र सौंपते हुऐ कहां है कि नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत यदि वार्ड पार्षदों के मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार नहीं किया जाएगा तो नगर पालिका परिषद में तालाबंदी करते हुए धरने पर बैठेंगे । सभी पार्षदों का कहना है वार्ड की समस्याओं से अवगत कराने पर भी ध्यान नहीं दिया जाता है। हमने जो जनता से वादे किए हैं, हम उनको पूरा नहीं कर पा रहे हैं और जनता वार्ड पार्षदो को झूठा ठहरा रही है। सभी पार्षदों ने कहा कि आने वाले दिनो में सीएमओ के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित कर धारा 89 तहत हटाने के लिए नगर निगम आयुक्त को भेजा जायेगा। पार्षदो ने आरोप लगाते हुए कहा कि सीएमओ साहब घटिया क्वालिटी के सामान 3 गुना रेट पर खरीद रहे हैं। सीएमओ मिलीभगत कर वाहनों में डलने वाले डीजल में हेराफेरी कर हजारों लीटर गोलमाल कर रहे हैं। वाहन की लॉग बुक में प्रत्येक वाहन का कितना लीटर प्रतिदिन डीजल की खपत दर्ज की जाती है एवं कर्मचारियों से दबावपूर्वक हस्ताक्षर कराये जाते हैं। ब्लॉक कांग्रेस बैकुंठपुर के अध्यक्ष अजय सिंह ने अपना समर्थन पार्षदों को देते हुए कहा कि इनकी मांगों जायज है। इसलिए कांग्रेस पूरी तरिके से अपना समर्थन इनको देती है। उन्होने कहा कि इस समय बैकुंठपुर शहर में विकास कार्य थम गया है। भाजपा सरकार में अधिकारियों की मनमानी को नहीं चलने दिया जायेगा। पूरी कांग्रेस पार्टी पार्षदो के साथ है आगे आंदोलन होगा तो कांग्रेस पार्षदो के साथ उसका हिस्सा बनेगी। मुख्य नगरपालिका अधिकारी के भ्रष्ट व उदासीन रवैया से नगर का विकास कार्य बाधित हो रहा है। इस दौरान प्रदीप गुप्ता कांग्रेस जिला अध्यक्ष, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य वेदांती तिवारी वरिष्ठ कांग्रेसी नेता चंद्र प्रकाश रजवाड़े मुख्तार अहमद, बृजवासी तिवारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय सिंह वरिष्ठ कांग्रेसी गणेश राजवाड़े, रवि राजवाड़े, भूपेंद्र यादव राजीव गुप्ता मोनू माझी रियाजुद्दीन मनोज दुबे अमित दुबे विनोद शर्मा उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत बीमा कराने की अंतिम तिथि आज

**कोरिया।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ वर्ष 2024 के तहत किसानों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि आज 31 जुलाई है। इस योजना के बेहतर क्रियान्वयन हेतु कृषि विभाग द्वारा जुलाई माह में सहकारी समिति स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। बीमा कंपनी बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी ग्राम स्तर पर फसल बीमा पाठशालाओं का आयोजन कर रही है। इन शिविरों में कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अऋणी किसानों को मौसम और वर्षा को ध्यान में रखते हुए फसलों की सुरक्षा के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में शामिल होने की सलाह दे रहे हैं। ऋणी किसानों को आप्ट अकाउंट फॉर्म नहीं भरने की भी सलाह दी जा रही है। उपसंचालक कृषि राजेश कुमार भारती ने जिले के सभी किसानों से अपील की है कि वे अपनी फसलों का बीमा करवाएं। इसके लिए किसान अपने नजदीकी सहकारी समिति, लोक सेवा केंद्र, संबंधित बैंकों, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी और कृषि विभाग में संपर्क कर सकते हैं। सभी समितियों को निर्देश दिया गया है कि वे किसी भी किसान को वापस न भेजें। जिला कोरिया में मुख्य अधिसूचित फसलें हैं: धान सिंचित, धान असिंचित, कोदो, कुटकी, रागी, अरहर और मक्का। इन फसलों के लिए बीमित राशि निम्नलिखित है- धान सिंचित -50,000 रुपये प्रति हेक्टेयर, धान असिंचित 40,000 रुपये प्रति हेक्टेयर।



## उल्लास नव भारत साक्षरता केन्द्रों के सफल संचालन हेतु बैठक सम्पन्न

**कोरिया।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष कार्यकारिणी जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में उल्लास साक्षरता केन्द्रों के सफल संचालन हेतु बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक के पश्चात आयोजित की गई। कलेक्टर ने बैठक में उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम की सफल क्रियान्वयन हेतु सत्र 2024-25 के लक्ष्य संबंधित चर्चा कर सर्वे व उल्लास एप में एंट्री की समीक्षा की। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं उपाध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी के द्वारा अधिकारियों को नियमित रूप उल्लास साक्षरता केन्द्रों का मॉनिटरिंग करने के लिए निर्देशित किया गया। जिला परियोजना अधिकारी जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण कोरिया के द्वारा जानकारी दी गई नई शिक्षा नीति 2020 के एक घटक के रूप में उल्लास कार्यक्रम को आरम्भ किया गया है। जिसमें सर्वप्रथम असाक्षरों का चिन्हांकन कर आफलाइन सर्वे उसके पश्चात उल्लास एप में ऑनलाइन एंट्री का कार्य किया जा चुका है। स्वयंसेवी शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें असाक्षरों को पठन-पाठन कराए जाने हेतु सामग्री उपलब्ध कराया जाएगा। नव भारत साक्षरता के तहत बुनियादी साक्षरता, जीवन कौशल, व्यवसाय कौशल, बुनियादी शिक्षा व सतत शिक्षा शामिल है। ग्राम पंचायत के साथ-साथ शहरों में भी इसका संचालन किया जाएगा। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने बैठक के अंत में सभी अधिकारियों को उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम से जुड़कर शिक्षार्थियों को शिक्षा प्रदान करने एवं उन्हें साक्षर बनाने में अपने पूर्ण ज्ञान और कौषल का प्रयोग कर कर्तव्य पूर्ण भाव से योगदान देने की शपथ दिलाई।

## मृतक के वारिस को मिला 25-25 हजार रूपये की आर्थिक सहायता

**कोरिया।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैकुण्ठपुर से मिली जानकारी के अनुसार सड़क दुर्घटना में मृतक के वारिसों को आर्थिक सहायता हेतु 50 हजार रूपये की स्वीकृति मिली हैं। विकासखण्ड बैकुण्ठपुर के ग्राम करजी के पुष्पेन्द्र राजवाड़े की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनके वारिस श्रीमती सावित्री देवी एवं ग्राम सलका के आजन की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनके वारिस सूरज को क्रमशः 25-25 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राषि प्रदान की गई है।

# जन चौपाल व जनसमस्या निवारण शिविर में प्राप्त आवेदनों का करें शीघ्र निराकरण-लंगेह



**कोरिया।** कलेक्टर श्री लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विषयों की समीक्षा की। कलेक्टर श्री लंगेह ने विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए समय-सीमा पर प्रकरणों का निराकरण करने तथा उच्च न्यायालय में लंबित प्रकरणों में समय पर जवाबदावा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

श्री लंगेह ने आंगनवाड़ी केंद्रो में नियमित रूप से बच्चों को गरम व पोषण आहार मिले यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला एवं बाल विकास अधिकारी को बैकुंठपुर व सोनहत विकासखंड के तहत आने वाले सभी आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करने, वहां बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में पानी, पंखे, शौचालय, बिजली व साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनवाड़ी केन्द्रों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने, बच्चों व गर्भवती माताओं को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने को कहा। श्री लंगेह ने यह भी स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी हालत में जर्जर भवन में आंगनवाड़ी केंद्र संचालित न करें, ऐसे करने पर सम्बंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। श्री लंगेह ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से कहा कि सिकलसेल की जांच में तेजी लाएं और सिकलसेल से पीड़ित मरीजों का उपचार भी समय पर करने के निर्देश दिए। श्री लंगेह ने सोनहत एवं बैकुण्ठपुर के बीएमओ को निर्देष दिए हैं कि मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में आवष्यक सुविधा मुहैया कराने के निर्देष दिए। डायरिया, डेंगू-मलेरिया सहित सर्पदंश के मामले में त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। आकांक्षी विकासखण्ड बैकुण्ठपुर में नीति आयोग द्वारा चलाये जा रहे आकांक्षी कार्यक्रम की समीक्षात्मक बैठक में नीति आयोग द्वारा दिए गए स्वास्थ्य और पोषण, शिक्षा, कृषि एवं सम्बद्ध सेवाएँ, बुनियादी ढ़ाचे और सामाजिक विकास शामिल है। इन प्राथमिक विषयों के तहत पहचाने गए 40 इंडिकेटर का समीक्षा एवं सम्पूर्णता अभियान के तहत आकांक्षात्मक ब्लॉकों में 6 पहचाने गए संकेतकों में संतृप्ति प्राप्त करना है, जिसमें स्वास्थ्य विभाग के तहत ए.न.सी. रजिस्ट्रेशन, डायबिटीज एवं ब्लड प्रेशर स्क्रीनिंग, महिला एवं बाल विकास के तहत इंडिकेटर, गर्भवती महिलाओं को अनुपूरक भोजन, कृषि विभाग के तहत मृदा परीक्षण कार्ड के विरुद्ध मृदा सैंपल कलेक्शन करने एवं एन.आर.एल.एम. विभाग के एक इंडिकेटर, एस.एच.जी. के रिवोल्विंग फण्ड शामिल है, जिसके सुधार हेतु आकांक्षी ब्लॉक बैकुण्ठपुर में कार्य योजना के तहत विभागों द्वारा कार्य किया जा रहा है। इस माह में डायबिटीज एवं ब्लड प्रेशर स्क्रीनिंग लगभग आठ हजार से ज्यादा किया गया एवं गर्भवती महिलाओं को अनुपूरक भोजन दिया गया, वहीं 991 मृदा परीक्षण कर किसानों को मृदा परीक्षण परिणाम कार्ड को वितरित किया गया है। श्री लंगेह ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि दिए गए लक्ष्य को समय पर पूरा करें श्री लंगेह ने कहा कि राज्य सरकार की महत्वपूर्ण फ्लैगशिप योजनाओं में से एक प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि लक्ष्य के अनुरूप आवास निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैकुण्ठपुर एवं सोनहत एसडीएम को हितग्राहियों से सम्पर्क कर समस्या का समाधान करने तथा आवास की राशि को गबन करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए। इसके आलावा जनचौपाल एवं जनशिकायत निवारण शिविरों में प्राप्त आवेदनों को शीघ्र करने के निर्देश दिए। श्री लंगेह ने कहा कि आवेदकों को उनके आवेदन के निराकरण के संबंध में दूरभाष पर जानकारी उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए हैं। इसके अलावा खाद-बीज वितरण, पीजी पोर्टल एवं जन शिकायत पोर्टल में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रकरणों का समय-सीमा पर निराकरण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी से स्कूल जतन योजना के तहत हुए कार्यों का सत्यापन की जानकारी ली तथा अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।



'सर मुझे विकलांग पेंशन की राशि नहीं मिलने के कारण काफी परेषानियों का सामना करना पड़ रहा है। अत: आपसे विनती है कि मुझे विकलांग पेंशन की राशि दिलाने हेतु संबंधित विभाग को निर्देश देने का कष्ट करें।श् यह वाक्या ग्राम सकरिया निवासी चन्द्रकिरण पिता हरिशचंद्र आज जनचौपाल पहुंचकर आवेदन देकर फरियाद की। संवेदनशील कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने आवेदन को पूरा पढ़ते ही समाज कल्याण विभाग के अधिकारी को तत्काल आवेदन का परीक्षण कर नियमानुसार निराकरण कर आवेदक को जानकारी देने के निर्देश दिए। इसी तरह ग्राम भैंसवार निवासी सोनामती ने एक आवेदन लेकर पहुंची थीं कि बैल से उनके बांया हाथ टूट गया है, जिसके वजह से वे काफी परेशानी महसूस कर रही है, उन्हें काम करने में तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है। टूटे हाथ में रॉड भी लगा हुआ है, उसे निकालने के लिए पैसे नहीं होने का हवाला दी, तब कलेक्टर श्री लंगेह ने सोनामती की तकलीफ को समझते हुए तत्काल जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को तलब करते हुए नियमानुसार इलाज की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

ग्राम पंचायत ओड़गी के वार्ड 3 के निवासियों ने आज जनचौपाल में आवेदन लेकर पहुंचे थे। बारिश की वजह से सड़कों पर पानी भरने की समस्या बताया गया। नाली निर्माण करने का अनुरोध किया गया और जनपद पंचायत के अधिकारियों को तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। इस तरह आज 40 लोगों ने अपनी समस्याओं एवं मांगों को लेकर विभिन्न विभागों से जुड़े आवेदन प्रस्तुत किये। श्री लंगेह ने सभी आवेदनों पर गंभीरता से समीक्षा करते हुए। संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवेदनों का जल्द निराकरण के निर्देश दिए। समय-सीमा की बैठक व जन चौपाल में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर अरुण कुमार मरकाम, श्रीमती अंकिता सोम, बैकुंठपुर एसडीएम श्रीमती दीपिका नेताम, सोनहत राकेश कुमार साहू व संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, शहर के निचले इलाकों में भरा पानी

**कोरबा।** मंगलवार की रात लगातार पांच घंटे तक हुई मूसलाधार बारिश से कोरबा का जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। वहीं निचले इलाकों में लोगों के घरों में पानी भर जाने के कारण उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा और रतजगा करने के लिए विवश रहे।

सावन लगते ही कोरबा जिला सहित पूरे छत्तीसगढ़ में मानसून सक्रिय हो गया है और लगातार बारिश हो रही है। कोरबा शहर में बीती रात जमकर मूसलाधार बारिश हुई जिसके कारण नदी, नालों पर उफान आ गए। वहीं शहर के निचली बस्तियों में लोगों के घरों में पानी घुस गया जिसके कारण वहां रह रहे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। लोग घरों में घुसे पानी को निकालने के लिए मशक्कत करते नजर आए। कई घरों में पानी घुसने के कारण वहां रखे घरेलू सामान खराब हो गए। भारी बारिश के बावजूद नगर निगम अथवा प्रशासन के लोगों ने अतिवृष्टि से प्रभावित लोगों की मदद के लिए कोई विशेष दिलचस्पी नहीं दिखाई और वे मदद करने के बजाय अपने घरों में चैन की नींद सोते रहे। बार-बार फोन करने के बावजूद किसी ने फोन उठाने की जहमद नहीं उठाई। वहीं प्रभावित लोग रतजगा करने के लिए मजबूर रहे। कोरबा में बारिश रात्रि 9.30 बजे के लगभग शुरू हुई और कुछ ही देर में मूसलाधार का रूप ले लिया। मेघा लगातार पांच घंटे तक गरज-चमक के साथ जमकर बरसी। इस दौरान शहर का अधिकांश हिस्सा जलमग्न हो गया। निचले इलाकों में पानी भरने के साथ ही लोगों के घरों में घुस गया। जिसके कारण उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

बारिश होने से कोरबा शहर के पंडित रविशंकर शुक्ल नगर, बुधवारी, परशुराम नगर, मुड़ापार, इमलीडुग्गू, सीतामणी, काशीनगर, राताखार, दादर रोड, पुरानी बस्ती, रूमगरा, भदरापारा, रिंग रोड सहित अन्य क्षेत्रों में लोगों के घरों में नाली-नालों का पानी घुस गया है जिससे लोगों को रात जगा करना पड़ा,वहीं तेज बारिश एवं अत्यधिक गरज और बिजली के चमकने से शहर के कई हिस्सों में बत्ती भी गुल हो गई जिससे लोगों को और अधिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड के लोगों ने कहा के नालों एवं नालियों के सफाई नहीं किए जाने से इस तरह की स्थिति उत्पन्न हुई है। उन्होंने बताया के कई जगह निगम द्वारा नाली नालों का सफाई तो थोड़ी बहुत कि गई पर ठेकेदारों द्वारा लगातार सफाई नहीं किए जाने से नाली,नालों की पानी का निकासी नहीं हो पाया जिसके चलते वह पानी मुहल्ले के सड़कों से होते हुए लोगों के घरों में घुस रहा है,जिसके चलते लोगों को मौहल्ले के सड़कों में चलने में दिक्कतें आ रही है,वहीं इन मुहाल्लों के बच्चे भी स्कूल जाने से रहे वंचित रहे। कई स्कूलों में पानी भरने के कारण छुट्टी दे दी गई।





### बिजली व्यवस्था चरमराई, लोग हुए परेशान

मंगलवार रात तेज गरज-चमक के साथ झमाझम बारिश शुरू होने के साथ ही शहर सहित उपनगरीय क्षेत्रों की बिजली गुल हो गई। इससे रात में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। रात करीब 3.30 बजे बिजली आपूर्ति बहाल की गई। इसके बाद सुबह से विभिन्न क्षेत्रों में बिजली की आंखमिचौली जारी रही।

## पार्षद देवांगन ने कहा- शिविर का लाभ उठाएं जनता



**कोरबा।** नगर निगम कोरबा के वार्ड क्रमांक 16 में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद नरेंद्र देवांगन सहित विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

शिविर में वार्ड वासियों से रूबरू होकर उनकी मांग व समस्याएं सुनी और निराकरण के लिए आवश्यक पहल की शिविर में मिले आवेदन पत्रों में से अधिकांश प्रकरणों का मौके पर निराकरण किया गया। वहीं शेष आवेदनों को परीक्षण करके निराकरण के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया। शिविर के मुख्य अतिथि पार्षद श्री नरेंद्र देवांगन ने नगरवासियों को जनसमस्या निवारण शिविर से लाभांवित होने का आग्रह करते हुए कहा कि शिविर में सभी विभागों के अधिकारी और मैदानी अमले मौजूद हैं। आप सभी अपनी तथा अपने वार्ड, गली, मोहल्ले की जरूरत, मांग एवं समस्याओं के बारे में अवगत करा सकते हैं, जिसे विचार में लाकर यथासंभव निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वार्ड वासियों की जो भी समस्याएं है उसका निराकरण जल्द करें।नगरीय निकाय विभाग द्वारा लोगो को पेयजल, बिजली आदि मूलभूत जरूरतों के बारे में अवगत कराये जाने का आग्रह करते हुए इस दिशा में त्वरित पहल करने आश्वस्त किया गया।

## हितग्राहियों से अंगूठा लगवाकर अप्रैल और मई माह का राशन दुकान के संचालक ने नहीं दिया चना

### 27 क्विंटल 72 किलो चना गोदाम में खा रहा है घुन

**कोरबा।** जिले की सार्वजनिक वितरण प्रणाली के राशन दुकान में संचालक ने हितग्रहियों से मशीन में फिंगर प्रिंट लेने के बाद भी उनको अप्रैल और मई माह का चना वितरण ही नही किये जाने का आरोप लगा हैं बताया जा रहा हैं की और जून जुलाई माह का वितरण कर दिया। अप्रैल और मई माह के चने में भ्रष्टाचार की काली छाया पड़ गई है इसलिए अभी भी दर्जनों क्विंटल चना उचित मूल्य की दुकान में घुन (कीट) खाने की राह देख रहा है।

जानकारी के अनुसार करतला ब्लॉक के ग्राम पंचायत पुरेना की यहां वैभव महिला स्व-सहायता समूह को शासकीय उचित मूल्य की दूकान आबंटित है इसका संचालन समूह की महिलाओं के पति करते हैं, उनके द्वारा हितग्राहियों से मशीन में फिंगर प्रिंट लेकर अप्रैल और मई माह का चना नही दिया गया, जून और जुलाई माह का चना वितरण कर दिया गया। चना नही बांटे जाने की खबर मिली तो ग्रामीणों से पूछा गया। नाम ना लिखने की बात कहते हुए ऑफ रिकार्ड बताया कि यहां तकरीबन 700 राशन कार्डधारी हैं जिन्हें अप्रैल मई माह का चना नही मिला है। इस संबंध में जब संचालक से फोन पर संपर्क कर जानकारी चाही गई तो गोलमोल जवाब देते रहे। सवाल उठता है कि आखिर दुकान संचालक ने अप्रैल मई माह का चना अब तक वितरण नही कर हितग्राहियों को इससे वंचित क्यों और किस उद्देश्य से रखा है यह जांच का विषय है. 27 क्विंटल 72 किलो चना उनके गोदाम में रखा हुआ है।

इसी तरह कराईनारा पंचायत के हितग्रहियों ने बताया कि उनको भी पिछले दो माह यानी मई और जून का चना नही मिला सिर्फ जुलाई का ही प्रत्येक कार्ड में दो किलो चना दिया गया है, आपको बता दें कि ग्राम पंचायत जामपानी, साजापानी और कराईनारा इन तीनो पंचायत में शासकीय उचित मूल्य की दुकान का संचालन एक ही व्यक्ति के द्वारा किया जाता है,उससे 29 जुलाई की सुबह संपर्क करने पर उनके द्वारा पूर्व में ही चना का वितरण कर देने की जानकारी दी गई, लेकिन 29 जुलाई की ही दोपहर में हितग्रहियों ने जानकारी दी की दो माह का बकाया चना में से एक माह का चना देने के लिए संचालक द्वारा फोन करके हितग्राहियों को बुलाकर दो पैकेट चना दिया गया। बताया जा रहा हैं कि मई महीने का चना भंडारण नही हुआ है। इस संबंध में जिला खाद्य अधिकारी जी.एस. कंवर ने बताया कि अभी कई क्षेत्रों में भंडारण की प्रक्रिया जारी है, भंडारण होने के बाद भी चना का वितरण नही करने पर जांच उपरांत कार्यवाई की जायेगी।

## गौवंश को रौंदने वालों के लिये प्रशासन से दण्ड की मांग

**कोरबा।** गाय हमारी माता है। केवल शब्दों में ही सीमित रह गयी है। शायद इसी कारण रौंदी जा रही हैं। प्रशासन भी सख्ती से कार्यवाही नहीं कर रही।

29 जुलाई को रात्रि 10 बजे के लगभग राजधानी बस क्रमांक सीजी-14 जी-0121के ड्राईवर द्वारा एक गौवंश को बुरी तरह बस के चक्कों के नीचे रौंद दिया गया। घटना स्थल पर ही गौवंश की मौत हो गयी। सूचना मिलते ही जिला संयोजक लालिमा जायसवाल व टीम पुलिस थाने में एफ.आई .आर कराने हेतु ज्ञापन दिये। ड्राइवर नशे की हालत में था, और थांर में बैठा पाया गया। बालको पुलिस ने उक्त बस को थाने में अपनी कस्टडी में लिये। 30 जुलाई को एफ.आई.आर. मांग की, एक कॉपी पुलिस अधीक्षक कोरबा को दिये गये। ज्ञापन के दौरान जिला संयोजक लालिमा जायसवाल के साथ दौलत राम सोनी सह सचिव,पुष्पेंद्र महन्त,विजय सारथी,कृष्णा सिदार सनी साहु, दिलेश्वर यादव उपस्थित थे।

## बालको नगर में किया गया औषधि पौधों का रोपण



**कोरबा।** राष्ट्रीय अभियान एक पेड़ के माँ के नाम के तहत गौ सेवा गतिविधि ,लायंस क्लब बालको एवं पर्यावरण गतिविधि के संयुक्त तत्वाधान में 25 प्रजातियों के औषधी वृक्षों जिनमें पुत्रजीवा, मौल श्री ,सीता अशोक, अमलतास ,खैर ,नीम ,बकायन, कैथ, वरुण, नागकेसर, बेल, बोहार, अर्जुन, कुल्लु, हथ जोड़, मंडुक पर्णी, सर्पगंधा, गूग्गल, जामून,आंवला आदि का रोपण पूजन एवं मंत्रोंच्चार के साथ नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान लायंस क्लब के अध्यक्ष- रितेश केडिया, सचिव- नीतु गुप्ता, वॉइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रथम विजय अग्रवाल, जिला चेयरपर्सन गोपाल केडिया, वीपी केसरवानी, पी एल सोनी, गौ सेवा गतिविधि से जिला संयोजक लालिमा जायसवाल, सह संयोजक सन्ध्या भारद्वाज पर्यावरण गतिविधि से संयोजक- केप्टन मुकेश, आयुर्वेद विशेषज्ञ अर्जुन श्रीवास एवं घुरसाय निर्मलकर, श्री रामकृष्ण गौ सेवा समिति से एल. पापा राव, दौलत राम सोनी, पुष्पेंद्र महन्त, सहकार भारती संयोजिका- सविता कौशिक, सत्येंद्र दुबे, रमेश सोनी, लखन चंद्रा एवं भाजपा महिला नेत्रियों के अतिरिक्त तीनों संगठनों के बहुत लोगों की उपस्थिति रही।

## बिजली समस्या को लेकर युकां का प्रदर्शन



**कोरबा।** प्रदेश में बढ़ते बिजली बिल, भाजपा सरकार द्वारा प्रस्तावित स्मार्ट मीटर व बढ़ाये हुए बिजली की दरों के विरोध में जिला युवा कॉंग्रेस कोरबा (शहर) द्वारा तुलसीनगर इंदिरा स्टेडियम बिजली कार्यालय के सामने बिजली बिल फूंक कर प्रदर्शन किया गया।

उपस्थित जिलाध्यक्ष राकेश पंकज ने आरोप लगाया कि 2018 से 2023 तक कांग्रेस के सुशासन की सरकार द्वारा बिजली बिल हाफ कर उपभोक्ताओं के घर को रोशन करने का काम किया जा रहा था, उसको बंद कर साय की सरकार गरीबों को सिर्फ लूट-खसोट कर पैसा वसूलने का काम कर रही है। कोरबा व पूरे प्रदेश की जनता 6 महीने से भाजपा सरकार की हर नीतियों से परेशान हो रही है। पार्षद रवि सिंह चंदेल ने बताया कि 6 महीने से बिजली विभाग ने किसी प्रकार का बिल नहीं भेजा, इस महीने एक साथ 6 महीने का बिल भेजेंगे तो गरीब आदमी 6 महीने का एक साथ बिजली बिल कैसे देगा? प्रदर्शन में पूर्व एल्डरमैन रामकुमार यादव, जिला महामंत्री विवेक श्रीवास, महामंत्री आशीष गुप्ता, बालको ब्लॉक अध्यक्ष बाबिल मेरी कॉम, कुसमुंडा ब्लॉक अध्यक्ष अश्वनी पटेल, जिला सचिव मिनकेतन गेबल, शफीक कुरैशी, हरीश भारती, पूजा मिश्रा, लव राज, सीमा लाल, वसीम अकरम, रूपेश साहू, लोकेश राठौर, सूरज चौहान, शुभम गुप्ता, अंकित राठौर, लेखिराम केवट आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

### सेक्टर 5 स्थित हनुमान मंदिर में हुई झड़प

**कोरबा।** मंगलवार को भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष पर युवती से मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने बताया की उनके पिताजी लंबे समय से उक्त मन्दिर के पुजारी रहे थे, मंगलवार को वे और उसके जीजा मंदिर में पूजा कर रहे थे, इसी बीच एक व्यक्ति के साथ भाजपा महिला मोर्चा बालको अध्यक्ष भी मौके पर पहुंची और पीड़िता को मंदिर से बाहर जाने के लिए कहने लगीं। जब उसने इस बात का विरोध किया तब वह अक्रामक हो गई और झुमाझटकी करने के साथ ही मारपीट की। उन्होंने आगे आरोप लगाते हुए कहा कि 24 घंटों के भीतर बालको से बाहर करवाने की धमकी भी दी।

***कोरबा।** वन परिक्षेत्र कुदमुरा के गीतकुआरी में मौजूद हाथियों ने बीती रात एक बार फिर उत्पात मचाते हुए ग्रामीणों की धान की फसल को नुकसान पहुंचाया है।

## चिकित्सक का रूकेगा वेतन

**कोरबा।** अपनी जिम्मेदारियों का सही ढंग से निर्वहन नहीं करने पर स्वास्थ्य विभाग ने पसान पीएचसी के चिकित्सक को शोकॉज नोटिस जारी करने के साथ ही वेतन रोकने का आदेश जारी किया है। रात के वक्त अस्पताल से गैरमौजूद रहने की स्थिती में यह कार्रवाई की गई है। बताया जा रहा है,पिछले दिनों सर्पदंश का एक मामला सामने आने के साथ ही दो बच्चों के पैर में मरे हुए सांप का अंश चुभ गया था,जिसके बाद यह कार्रवाई की गई, इतना ही नहीं एक स्वास्थ्य कर्मी को भी नोटिस जारी किया गया है। सीएमएचओ डॉ. एस.एन.केसरी ने बताया की प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पसान के डॉक्टर दुष्यंत कश्यप को शोकॉज नोटिस जारी किया गया इसके अलावा अन्य लोगों को भी जांच के उपरांत नोटिस जारी किया जाएगा। स्वास्थ्य अधिकारी ने यह भी बताया कि जिस तरह से सर्प दंश की घटनाएं लगातार बढ़ रही है इसके अलावा मलेरिया ,डायरिया और डेंगू जैसे बीमारियां फैल रही है इसे लेकर कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर डॉक्टर अन्य स्टाफ जिनकी ड्यूटी है उन्हें उपस्थित रहना अनिवार्य है।

## मेडिकल कॉलेज अस्पताल में शीघ्र ही शुरू होगी सिटी स्कैन की सुविधा

### 10.44 करोड़ रुपए से होगी सिटी स्कैन मशीन की खरीदी

**कोरबा।** कोरबा जिले के सरकारी अस्पताल में मरीजों की जांच कर इलाज शुरू करने के लिए जरूरी महत्वपूर्ण मशीनें नहीं हैं। चिकित्सकों की ओर से जांच की रिपोर्ट मंगाई जाती है। लेकिन अस्पताल में सुविधा नहीं होने से मरीजों को सिटी स्कैन, एमआरआई सहित अन्य जांच के लिए बाहर निजी डायग्नोस्टिक सेंटर में जाना पड़ता है। इससे मरीजों को इलाज के अधिक खर्च करना पड़ता है, जो मध्यम व गरीब परिवार के लिए मुश्किल होता है। उन पर बोझ पड़ता है। अब इससे जल्द राहत मिलने की उम्मीद है।



जानकारी के अनुसार 10.44 करोड़ रुपए से सिटी स्कैन मशीन की खरीदी होगी। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सिटी स्कैन जैसी मशीन की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही है। यह सुविधा सरकारी अस्पताल में शुरू होने से मरीजों को काफी कम दर पर रिपोर्ट प्राप्त हो सकेगी। वर्तमान में मरीजों को जांच और रिपोर्ट के लिए निजी डायग्नोस्टिक सेंटर जाना पड़ता है। एक बार सिटी स्कैन कराने के लिए 8 हजार से 15 हजार रुपए तक खर्च करना पड़ता है। इस स्थिति में मरीजों को बिलासपुर या रायपुर में सिटी स्कैन के जाना पड़ रहा है। यहां भी वेटिंग सूची काफी लंबी है। स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में पिछड़े कोरबा जिले को मेडिकल कॉलेज अस्पताल से काफी उमीदें हैं। कॉलेज अस्पताल शुरू हुए लगभग तीन साल बीत गए हैं लेकिन अस्पताल में मरीजों के लिए जरूरी सुविधाओं की कमी है। इसमें सबसे बड़ी कमी सिटी स्कैन को लेकर आ रही है। हालांकि इस कमी को दूर करने के लिए डीएमएफ शासी परिषद की बैठक में सिटी स्कैन मशीन की खरीदी जिला खनिज न्यास मद से करने 10.44 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है।

उम्मीद है कि मेडिकल कॉलेज प्रबंधन और सीजीएमएससी मशीन खरीदी प्रक्रिया में तेजी लाएगी। इससे मरीजों को इलाज की सुविधा मिल सकेगी। प्रबंधन के पास सीएसआर मद से दो करोड़ रुपए पहले ही मिल चुके हैं। जिले के सरकारी अस्पतालों में सिटी स्कैन (कयूटरीकृत टोमाग्राफी) मशीन की सुविधा नहीं है। मरीजों को होने वाली परेशानी को देखकर जिला प्रशासन सक्रिय हुआ है और सिटी मशीन की खरीदी के लिए तैयार हो गया है। शासी परिषद की बैठक में प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत किया गया। सदस्यों ने इस पर सहमति जताई है। इसी के साथ इस मशीन के लिए जिला खनिज न्यास मद से 10.44 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। इस तरह एनटीपीसी से मिले दो करोड़ रुपए के चेक मिलाकर अब प्रबंधन के पास कुल 12.44 करोड़ के फंड हो गए हैं। बताया जा रहा है कि खरीदी की प्रक्रिया सीजीएमएससी से की जाएगी। सिटी स्कैन मशीन अलग-अलग गुणवत्ता की आती है। 16 स्लाइस वाली बेसिक मशीन है। 16 और 64 स्लाइस की तुलना में 128 स्लाइस सिटी स्कैनर में अधिक डिटेक्टर होते हैं।

### तीन साल पहले एनटीपीसी ने दिए थे दो करोड़

राष्ट्रीय और राजमार्गों पर हो रहे हादसों की वजह से घायल मरीज अस्पताल पहुंचते हैं। लेकिन समय पर इलाज नहीं मिलने की वजह से मारे जाते हैं। इसके लिए लंबे समय से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सिटी स्कैन मशीन की जरूरत महसूस की जा रही है। गौरतलब है कि तीन साल पहले एनटीपीसी ने सिटी स्कैन मशीन की खरीदी के लिए दो करोड़ रुपए सीएसआर मद से प्रदान किया है। लेकिन खरीदी की प्रक्रिया तेज नहीं हो सकी है। प्रबंधन ने बताया कि सीएसआर से मिली राशि से बेसिक मशीन की ही खरीदी की जा सकती है। लेकिन मेडिकल कॉलेज में बढ़ती मरीजों की संख्या को देखते हुए उच्च गुणवत्ता वाली 128 स्लाइस वाली सिटी स्कैन मशीन की जरूरत पड़ेगी।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com